वर्ष 24, अंक 88, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 8 अक्टूबर 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मौसम का बदला मिजाज: गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश, हवाई यात्रा भी प्रभावित



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार को भारी बारिश हुई, जिसके बाद भारतीय मौसम विभाग ने शहर के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी की चेतावनी के अनुसार, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, मध्य दिल्ली, नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली और गुरुग्राम के लिए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी में कहा गया है कि पूरी राजधानी और एनसीआर क्षेत्रों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हल्की गरज और बिजली के साथ मध्यम बारिश होने की संभावना है।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। एडवाइजरी में कहा गया है, "दिल्ली में खराब मौसम के कारण, दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। हमारी ऑन-ग्राउंड टीमें सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि यात्रियों को निर्बाध और कुशल अनुभव मिल सके।" इसने यात्रियों से संभावित देरी से बचने के लिए हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए दिल्ली मेट्रो सहित परिवहन के वैकल्पिक साधनों पर विचार करने को कहा। सोनीपत, खरखौदा, फरुखनगर, बागपत और खेखड़ा के लिए भी अलर्ट जारी किया गया। कुरूक्षेत्र, कैथल, नरवाना, फतेहाबाद, पानीपत, गन्नौर, झज्जर, कोसली, महेंद्रगढ़, सोहना, रेवाडी, नारनौल, बावल, नूंह, शामली, कांधला, बड़ौत, पिलखुआ, सिकंदराराऊ, हाथरस, टूंडला, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, भिवाड़ी, तिजारा, खैरथल, कोटपूतली, विराटनगर, राजगढ़, महवा, महंदीपुर बालाजी, आदि में हल्की बारिश और तूफान की चेतावनी भी जारी की गई है।

राजधानी में दिन में पहले भी बारिश हुई,

आसमान में काले बादल छाए रहे, जिससे बाद में तेज बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें हल्की गरज और बिजली कड़कने के साथ मध्यम बारिश का अनुमान है। मंगलवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## किरेन रिजिजू दार्जिलिंग में, भूस्खलन पीड़ितों को केंद्र की मदद का दिया भरोसा



**दार्जिलिंग**

**केंद्रीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने विनाशकारी भूस्खलन से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए दार्जिलिंग के मिरिक का दौरा किया और कहा कि प्रभावित परिवारों की सहायता करना प्राथमिकता है। उन्होंने जान-माल के नुकसान पर प्रकाश डाला और केंद्र व राज्य सरकारों, स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ व एसएसबी सहित सुरक्षा बलों के बीच समन्वय का आग्रह किया। प्रधानमंत्री का प्रतिनिधित्व करते हुए, वह अपने दो दिवसीय दौरे के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उनके साथ दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट और विपक्ष के नेता सुवेंधु अधिकारी भी हैं।

एएनआई से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि यहाँ बहुत नुकसान हुआ है। कई लोगों की जान चली गई है और संपत्ति नष्ट हो गई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों और अपने घरों को खोया है, उन्हें सहायता प्रदान करना प्राथमिकता है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ, एसएसबी व अन्य सुरक्षा बलों की टीमों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री की ओर से, मैं दो दिवसीय दौरे पर यहाँ आया हूँ और प्रभावित लोगों से बात की है। मैं यहाँ की स्थिति पर एक रिपोर्ट दूँगा।

इससे पहले आज, राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने आपदा प्रभावित दार्जिलिंग का दौरा किया और क्षेत्र में हुए घातक भूस्खलन और भारी बारिश से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। श्रृंगला ने लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और बताया कि क्षेत्र के सेना कमांडर ने दुधिया में एक अस्थायी पुल बनाने पर सहमति जताई है ।

## कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, उड़कजांच और कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने की मांग

**मध्य प्रदेश**

**मध्य** प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से कम से कम 14 बच्चों की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर इस याचिका में देश भर में सभी दूषित कफ सिरप बैचों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें वापस मंगाने तथा सभी सिरप-आधारित फॉर्मूलेशनों की अनिवार्य जाँच की भी माँग की गई है। अन्य राज्यों में हुई ऐसी ही घटनाओं का हवाला देते हुए, तिवारी ने आग्रह किया कि जाँच सर्वोच्च न्यायालय के किसी पूर्व न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए।

याचिका में शोक संतप्त परिवारों को मुआवजा देने और दवा सुरक्षा अलर्ट की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय फामाकोविजिलेंस पोर्टल बनाने की मांग की गई है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का भी हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है यह अधिकार सुनिश्चित करता है कि उपचार के लिए बनाई गई कोई भी दवा मौत का कारण न बने। यह मामला छिंदवाड़ा में हुई उस त्रासदी से जुड़ा है।

## दिल्ली हाई कोर्ट में अब शनिवार को भी होगी सुनवाई, क्या है वजह




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाई कोर्ट में अब से शनिवार को भी अदालत की कार्यवाही जारी रहेगी। दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज के ऑफिस से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, फुल बेंच ने 22 सितंबर, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में यह फैसला लिया है

कि इस कोर्ट की हरेक बेंच हरेक महीने के एक शनिवार को वर्किंग डे के तौर पर लेगी। इससे पहले हाई कोर्ट में शनिवार को सभी बेच छुट्टी पर रहती थीं। जरूरत लगने पर कुछ जज इस दिन स्पेशल बेंच आयोजित करते थे। चंद रोज पहले ही दिल्ली हाई कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री के कामकाज के समय में भी बदलाव किया था। अब हाई कोर्ट रजिस्ट्री सारे कामकाजी दिनों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काम करती है।

## उत्तरी बंगाल में BJP नेताओं पर हमले के बाद सियासी भूचाल



**उत्तरी बंगाल**

**बाढ़** और भूस्खलन से प्रभावित उत्तरी बंगाल में दो भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर हमला होने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। जहाँ प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य की कानून-व्यवस्था की बदहाली के लिए ममता के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की, वहीं बनर्जी ने पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री पर "प्राकृतिक आपदा का राजनीतिकरण" करने का आरोप लगाया।

मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू के चेहरे और नाक से खून बहते हुए नाटकीय दृश्यों के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया पर यह विवाद शुरू हुआ। मुर्मू ने आरोप लगाया कि जलपाईगुड़ी के नागराकाटा में बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा करने के दौरान उन पर और सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष पर तृणमूल कार्यकताओं ने हमला किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नेताओं पर हमले की निंदा की और राज्य सरकार से राजनीतिक संघर्ष के बजाय राहत कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।

मोदी ने एक्स पर लिखा, "पश्चिम बंगाल में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित लोगों की सेवा करने वाले हमारे पार्टी सहयोगियों, जिनमें एक मौजूदा सांसद और विधायक भी शामिल हैं, पर जिस तरह से हमला किया गया, वह बेहद भयावह है।

## कुख्यातों को मिट्टी में मिला रही योगी की पुलिस, 48 घंटे में 20 एनकाउंटर

### लंगड़ा के बाद ऑपरेशन खल्लास से दहशत में अपराधी




**उत्तर प्रदेश**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के आदेश पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है। पिछले 48 घंटों में पूरे उत्तर प्रदेश में अपराधियों का एनकाउंटर किया गया है। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन लंगड़ा' और 'ऑपरेशन खल्लास' के तहत की गई। दावा किया जा रहा है कि अपराध कम करने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ऐसा किया गया है। मेरठ से लेकर मुज़फ़्फ़रनगर तक, पुलिस अपराधियों का एनकाउंटर कर उन्हें गिरफ़्तार कर रही है।

क्या हैं ऑपरेशन 'लंगड़ा' और 'खल्लास'?

मुख्यमंत्री योगी ने पूरे उत्तर प्रदेश में 'ऑपरेशन लंगड़ा' और 'ऑपरेशन खल्लास' चलाने का आदेश दिया है। ऑपरेशन लंगड़ा का मतलब है अपराधियों के पैरों में गोली मारकर उन्हें लंगड़ा बनाना और फिर उन्हें गिरफ्तार करना। साथ ही, 'ऑपरेशन खल्लास' का मतलब है बड़े अपराधियों को ढेर करना। मुख्यमंत्री योगी का साफ संदेश है कि अपराध की सजा सिर्फ.एनकाउंटर है।

48 घंटों में 20 मुठभेड़ें

पिछले 48 घंटों में यूपी पुलिस ने एक के बाद एक लगभग 20 मुठभेड़ें की हैं। उन्होंने हर शहर में अपराधियों का एनकाउंटर किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मेरठ से मुजफ्फरनगर, फरुर्खाबाद से फिरोजाबाद, मुरादाबाद से मथुरा, हरदोई से उन्नाव, झांसी से बुलंदशहर, बागपत से बलिया, लखनऊ से गाजियाबाद और शामली से झांसी तक की है।

फि रोजाबाद में मुठभेड़

उत्तर प्रदेश के फि रोजाबाद में हुई मुठभेड़ का सच पहली बार सामने आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस दो करोड़ रुपये की लूट के कुख्यात आरोपी नरेश को लूट का माल बरामद करने के लिए ले जा रही थी। हालांकि, इस दौरान वह यूपी पुलिस के चंगुल से बच निकलता है।पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। फरार आरोपी नरेश को पकड़ने के लिए एएसपी अनुज चौधरी के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। मक्खनपुर इलाके में नरेश और पुलिस का आमना-सामना होता है और फिर शुरू होता है ऑपरेशन खल्लास।

## हरियाणा कैडर के IPS अधिकारी ने किया सुसाइड




**हरियाणा**

**हरियाणा** के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित अपने घर में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर ने बताया कि आज दोपहर करीब 1:30 बजे चंडीगढ़ के सेक्टर 11 स्थित मकान नंबर 116 से एक आत्महत्या की सूचना मिली। मृतक की पहचान हरियाणा कैडर के 2001 बैच के आईपीएस पूरन कुमार के रूप में हुई है। सीएफएसएल टीम मौके पर है और जाँच जारी है।

कुमार की पत्नी, अमनीत पी. ??कुमार, जो हरियाणा की एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान की यात्रा पर हैं। उनके बुधवार सुबह चंडीगढ़ पहुँचने की उम्मीद है। पुलिस ने बताया कि पूरन कुमार का शव उनकी बेटी ने बेसमेंट में पाया। इस घटना से पुलिस और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया।

एडीजीपी वाई. पूरन कुमार हरियाणा में वर्षों की विशिष्ट सेवा प्रदान करने वाले एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी थे। उनकी पत्नी, आईएएस अधिकारी अमनीत पी. ??कुमार, भी एक वरिष्ठ नौकरशाह हैं और वर्तमान में राज्य प्रशासन में कार्यरत हैं। घटना के समय, अमनीत कुमार विदेश में थीं और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जापान में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं। उनके जल्द ही भारत लौटने की उम्मीद है।

## मिस्टर भूषण किसके लिए ये सब कर रहे...

### हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का जिक्र कर सुप्रीम कोर्ट ने जानें क्या कहा?



**बिहार**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बाहर किये गये मतदाताओं का ब्यौरा 9 अक्टूबर तक प्रस्तुत करने को कहा है। सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जो 6 नवंबर से शुरू होने वाला है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने सुनवाई 9 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची, जिसमें 21 लाख से ज्यादा नए नाम शामिल हैं और 3.66 लाख नाम बाहर हैं। एसआईआर से पहले जनवरी 2025 की मूल मतदाता सूची से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यह काम बस एक बटन दबाकर कर सकता है। इस पर न्यायमूर्ति कांत पूछते हैं कि याचिकाकर्ता यह किसके लिए कर रहे हैं? ऐसे लोग हैं जो मतदाता सूची से अपने नाम हटाए जाने के खिलाफ आवाज नहीं उठाएँगे। वे अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाएँगे। तो फिर आप यह किसके लिए कर रहे हैं। न्यायमूर्ति कांत ने कगा कि अधिवक्ता कांत बिहार के किसी एक निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करके देख सकते हैं कि कितने लोगों के नाम काटे गए हैं।

## चिराग पासवान की हाई डिमांड से बिहार NDA में बढ़ी बेचैनी

### BJP के लिए सीटों का गणित बिगड़ा




**बिहार**

**विधानसभा** चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन 10 अक्टूबर से शुरू होने वाले हैं, ऐसे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा सीटों के बंटवारे की अंतिम घोषणा में अभी दो-तीन दिन और लगेंगे।

रविवार को पटना में गठबंधन सहयोगियों के साथ बैठक के बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने मंगलवार दोपहर नई दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ बैठक की और उनकी मांगों पर चर्चा की।

बैठक से परिचित लोजपा (रालोद) नेताओं ने संकेत दिया कि पार्टी बिहार चुनाव में 45 से 54 सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जबकि भाजपा केवल 20-25 सीटें देने को तैयार है। चिराग पासवान ने मांग की है कि पार्टी को उसके जीते हुए पाँचों लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में कम से कम दो विधानसभा सीटें आवंटित की जाएँ। भाजपा नेताओं ने पासवान को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर पार्टी स्तर पर चर्चा की जाएगी और जल्द ही उन्हें जवाब दिया जाएगा। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि आने वाले दिनों में चिराग पासवान और भाजपा के शीर्ष नेताओं के बीच एक और बैठक होगी, जिसमें सीटों के बंटवारे पर अंतिम सहमति बन सकती है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेडी(यू) कोर टीम की एक अहम बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी को 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। पासवान के साथ कभी गरम तो कभी ठंडे रिश्ते रखने के लिए जाने जाने वाले नीतीश कुमार ने कथित तौर पर भाजपा से सीटों के बंटवारे में ज्यादा हिस्सेदारी की भाजपा की माँग को कम करने को कहा है। एनडीए में सीटों के बंटवारे पर दूसरे दौर की बातचीत इस हफ़्ते के अंत में होने की उम्मीद है, जिसके तुरंत बाद इसकी घोषणा की जा सकती है।

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बिहार प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने सीट बंटवारे पर सहमति बनाने के लिए प्रमुख सहयोगी जितिन राम मांझी (हम) और उपेंद्र कुशवाहा (रालोसपा) से मुलाकात की है। मांझी 20 सीटों की मांग कर रहे हैं, वहीं सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस संख्या को सात से 10 के बीच सीमित रखने की कोशिश कर रही है। इसी तरह, कुशवाहा ने 15 सीटें मांगी हैं, जबकि भाजपा उनकी हिस्सेदारी सात या आठ के आसपास रखना चाहती है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भक्ति और संस्कृति का संगम, तीरथराज प्रयागराज में हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और जिला प्रशासन प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में तीरथराज प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य आयोजन श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीता सिंह, सीडीपीओ कौड़िहार सुरेंद्र यादव, प्राविधिक सहायक संस्कृति अधिकारी हरिश्चंद्र दुबे और भजन गायक सुभाष विश्वकर्मा ने महर्षि वाल्मीकि रामायण पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन से किया। इसके बाद वाल्मीकि पाठ का शुभारंभ हुआ, जो लगातार आठ घंटे तक चला। तत्पश्चात रामायण, हनुमान चालीसा, वाल्मीकि चालीसा और भजन माला की मनोहारी प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

लोक गायक सुभाष विश्वकर्मा की प्रस्तुति ह्लरोम-रोम में रामह्व पर श्रोतागण झूम उठे। ढोलक और हारमोनियम की मधुर धुन ने माहौल को और भी भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में सुषमा विश्वकर्मा, राम प्रसाद, लालमणि मुरगुला, रामदेव पटेल और कमलेश की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर लोक गायक और कवि वेदानंद ह्यवेदह्न सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां, कलाकार और भक्त उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से जूता व्यवसायी के बेटे की मौत

**प्रयागराज।** नई बाजार निवासी जूता व्यवसायी का बेटा करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। नैनी थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी कृष्णा केसरवानी जूता की दुकान करते हैं। वह इन दिनों अपना मकान तोड़कर नया बनवा रहे हैं। पड़ोस में किराए के मकान में रहते हैं। उनका 17 वर्षीय बेटा ऋतिक केसरवानी मंगलवार की देर शाम लेबर के चले जाने के बाद किराए वाले मकान में जाकर हाथ धो रहा था। इसी दौरान वह कटे तार से चिपक गया। काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचा तो लोग उसे देखने गए तो वह करंट की चपेट था। आननफानन में उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिससे घर में कोहराम मच गया। ऋतिक एक भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। इसी साल इंटर की परीक्षा पास की थी।

# सर्प दंश से डेढ़ वर्ष के अंश प्रजापति की मौत, परिजनों में मचा कोहराम





**जंघई।** अनिल प्रजापति एवं नीतू प्रजापति निवासी लोढ़ीडीह, उग्रसेनपुर के दो बेटों में छोटा बेटा डेढ़ वर्ष का अयांश दो दिन पहले अपनी मां के साथ अपनी मौसी के घर रोही पिलखुआ, भदोही गया था जहां पर मंगलवार भोर में अयांश प्रजापति की मौत सर्प के काटने से हो गई। सूचना पर परिजन रोते बिलखते रोही पहुंचे और शव को अपने घर लोढ़ीडीह लाए। सूचना पर रिश्तेदार एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और परिजनों में कोहराम मच गया सब दहाड़ मारकर रो रहे थे। इस असामायिक एवं आकस्मिक घटना से हर कोई हतप्रभ एवं दुखी है।

# साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा सुनने के लिए जुट रही है भक्त लोगों की भीड़

## सांसद उज्जवल रमण सिंह ने राम की उतारी आरती

अखंड भारत संदेश




**करछना।** क्षेत्र के डांडो. गांव में पांडेय परिवार की ओर से कुल गुरु के सानिध्य में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में कथा सुनने के लिए भक्त लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग कथा श्रवण कर आनंदित हो रहे हैं। कथावाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य काशी नरेश जी महाराज ने कथा के तीसरे मंगलवार के दिन समुद्र मंथन की कथा को विस्तार पूर्वक सुनाया। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण मात्र से मानव के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं । कथा की मुख्य श्रोता यजमान सरोजा देवी व जगदीश प्रसाद पांडेय की ओर से कथा व्यास व कुलगुरु पं ब्रह्मानंद जी महाराज का माल्यार्पण करके अभिनंदन किया गया। वही कथा में मौजूद स्थानीय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह की ओर से भागवत भगवान की आरती उतारी। और महाराज जी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संबंधित ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार पटेल , कमला शंकर मिश्र ,दयाशंकर मिश्र , कलेक्टर प्रसाद द्विवेदी , सुनील कुमार शुक्ल ,प्रेम नारायण पांडेय ,रमेश पांडेय ,शशि पांडेय ,रवि शंकर पांडेय ,डॉ आशीष मिश्र, हरिशंकर पांडेय , आनंद ओझा ,आनंद कुमार मिश्र, कृष्ण कुमार पांडेय ,पवन कुमार पांडेय ,जय शंकर पांडेय ,शैलेश, सोनू, श्रेजल ,श्रेयांश, सुमित, सुजीत ,शनी, रोहन, कार्तिकेय, गणेश सहित आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

# घटी जीएसटी, मिला उपहार, कार्यक्रम में उमड़ा उत्साह

## उपभोक्ताओं व व्यापारियों ने सराहा सरकार का कदम

अखंड भारत संदेश




**गाजीपुर।** स्थानीय शहीद पार्क में सोमवार को ह्लघटी जीएसटी, मिला उपहारह्व विषय पर एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारी, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील उपाध्याय ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर दरों में हालिया कमी सरकार की जनहितैषी नीति को दशार्ती है। इससे न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों को भी आर्थिक सहारा प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम देश की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा भरने वाला साबित होगा।विशिष्ट अतिथि अभिनव सिन्हा ने कहा कि जीएसटी में कटौती से बाजार में क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह निर्णय त्योहारी सीजन से ठीक पहले जनता के लिए राहत भरा उपहार है।वहीं पियुष राय ने अपने वक्तव्य में कहा कि कर दरों में कमी से उत्पादन और उपभोग दोनों में वृद्धि होगी। इससे देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी और जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र त्रिपाठी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय महंगाई पर नियंत्रण और उपभोक्ता हितों की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों, आयोजकों और नागरिकों का आभार जताया।कार्यक्रम के संयोजक ओम प्रकाश गिरी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि श्री रामजी गिरी ने अपने प्रभावशाली संचालन से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा।अंत में उपस्थित लोगों ने केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि घटी जीएसटी वास्तव में आम जनता के लिए सच्चा त्योहारी उपहार है। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल मुहम्मदाबाद की ओर से अभिनव सिन्हा को एक मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें यूसुफपुर रेलवे स्टेशन पर कामायनी एक्सप्रेस, गंगा कावेरी एक्सप्रेस, भृगु एक्सप्रेस, नई दिल्लीझबलिया एक्सप्रेस, तथा गाजीपुरझकोलकाता (साप्ताहिक) एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई।

# महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति जागरूकता अभियान : प्रिया त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** सरायममरेज थाना मिशन शक्ति टीम ने कौड़ी गांव में बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। टीम के प्रभारी बलवंत सिंह एवं महिला प्रभारी आराधना सिंह, उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी एवं उप निरीक्षक यशवंत कुमार, कांस्टेबल रामाश्रय यादव एवं अजय चौहान जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद रहे। महिला उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि शासन के मंशानुसार मिशन शक्ति टीम का मुख्य उद्देश्य हर बेटी को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है और महिलाओं के लिए उपलब्ध सहायता सेवाओं और आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में बताया गया कि कैसे वे आपात स्थिति में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। इस पहल का लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे समाज में सम्मान के साथ जीवन जी सकें और अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, सामूहिक विवाह योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना आदि, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, फायर ब्रिगेड हेल्पलाइन नंबर 101 आदि के बारे में जानकारी देते हुए पंप्लेट वितरण किया गया जिसमें साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में अवगत कराया गया व क्षेत्र में फर्जी ड्रोन उड़ने की अफवाहों के निराकरण के बारे में बताया गया।



# हरेंद्र झूंसी हरीपुर, मिश्रपुर अखाड़ा के चैंपियन बने

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** हरीपुर, मिश्रपुर गांव में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए दर्जनों जोड़ी पहलवानों ने अपने अपने किस्मत को अजमाया और अपने अपने प्रतिद्वंदियों को पटखनी दी। दंगल चैंपियन झूंसी के हरेंद्र पहलवान बने उन्होंने मुख्य मुकाबले में कौशांबी के लालता पहलवान को हराकर प्रथम विजेता बने। इस अवसर पर आयोजक कमेटी के चंद्रिका प्रसाद तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, रामसेवक तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, सौरभ तिवारी प्रधान, छविनाथ तिवारी, सुमित तिवारी, शिवकुमार तेजस्वी, पवन तिवारी, करुणाकर तिवारी, सूरज तिवारी, विकास तिवारी, कुलदीप, शिवम तिवारी, विपिन तिवारी सहित सैकड़ों ग्रामीण, दर्शक, पहलवान मौजूद रहे।

## नैनी क्षेत्र के दो व्यापारी के निधन पर शोक सभा आयोजित



नैनी। नैनी क्षेत्र के दो व्यापारी के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख के अध्यक्षता में नैनी क्षेत्र के सम्मानित प्रतिष्ठित व्यापारी जीत लाल केशरवानी एवं राजकुमार कुशवाह के आकस्मिक निधन पर नैनी क्षेत्र में घटना के पश्चात समस्त व्यापारी गण के द्वारा शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई संजय श्रीवास्तव ने बताया कि शोक सभा में मानस रामलीला समिति के संयोजक पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, नैनी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नीरज शर्मा, महामंत्री उमेश सेन, महेश वर्मा, अलंकार ज्वेलर्स, ध्रुव तिवारी, डॉ सुभाष कुशवाहा, राम जी श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, सुनील कुमार विश्वकर्मा, नित्यानंद मिश्रा, रमेश पटेल सामाजिक कार्यकताओं ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दो मिनट मौन रख करके प्रार्थना किया कि ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।


## कार्यालय जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी।

**नीलामी सूचना/प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद के राजकीय कृषि प्रक्षेत्र कोखराज, गौसपुर टिकरी, राजकीय कृषि प्रक्षेत्र प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज प्रक्षेत्र देवीबांध एवं छाता के खरीफ/रबी 2024-25 उत्पादित बीजों के छानस की नीलामी सार्वजनिक रूप से दिनांक 15.10.2025 को पूर्वान्ह 11.50 बजे राजकीय बीज विधायन संयत्र कोखराज जनपद कौशाम्बी पर की जायेगी। छानस स्टाक राजकीय बीज विधायन संयत्र कोखराज पर भण्डारित है। छानस स्टाक की स्थिति का निरीक्षण विधायन संयत्र पर किया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं। छानस स्टाक का विवरण निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रक्षेत्र का नाम | छानस मात्रा (कु0में) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धान | रागी | बाजरा | सांवा | अरहर |
| 1. | कोखराज | 35.48 | - | - | - | 0.20 |
| 2. | गौसपुर टिकरी | 37.85 | 0.04 | - | - | 1.26 |
| 3. | प्रतापगढ़ | 22.78 | 0.02 | 0.07 | 0.06 | - |
| 4. | छाता | 29.60 | 0.08 | - | - | - |
| 5. | देवीबांध | 65.00 | - | - | - | - |
| | योग | 194.81 | 0.09 | 0.07 | 0.05 | 1.48 |

**नीलामी की शर्तें-**

11. नीलामी बोली बोलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रूपये 5000.00 जमानत के रूप में अग्रिम जमा करना होगा। नीलामी बोली समाप्त होने पर प्रथम बोली बोलने वाले का छोड़कर शेष की जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी।
12. नीलामी बोलने वाले व्यक्ति को पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/निर्वाचल पहचान पत्र) की मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।
13. नीलामी कार्यवाही गठित समिति के समक्ष की जायेगी।
14. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को सम्पूर्ण धनराशि की 25 प्रतिशत धनराशि तुरन्त नगद जमा करना होगा।
15. नीलामी स्वीकृति के एक सप्ताह के अन्दर सम्पूर्ण धनराशि जमा कर क्रेता को देना होगा।
16. नीलामी की अन्तिम स्वीकृति सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदान की जायेगी।
17. नीलामी के सम्बंध में बोली बोलने वाले व्यक्तियों की कोई शर्त मान्य नही होगी।
18. नीलामी की आंशिक/सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति को होगा।
19. स्टाक के साथ बोरे/बोरियां नहीं दी जायेंगी। क्रेता को स्टाक स्वयं के साधन से ले जाना होगा।
20. छानस स्टाक पर जी0एस0टी0 व अन्य कर प्रचलित दरों पर क्रेता को देना होगा।

(सुरूचि विश्वकर्मा)
जिला कृषि अधिकारी
कौशाम्बी।

पत्रांक-/400/जि0कृ0अ0/प्रक्षेत्र/छानस-नीलामी/2025-26/दिनांक-06/10/2025


## रामलीला मे राम चरण रज ने उद्धारी अहिल्या



**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला मे अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन एवं फुलवारी लीला का अत्यंत मनोहारी मंचन हुआ। राम का चरण स्पर्श पाते ही शिला रूपी अहिल्या अपने मूल नारी रूप में परिवर्तित हो गई। अहिल्या द्वारा अत्यंत भावविव्हल हो कर की गई श्री राम की वंदना दर्शकों की आंखें नम कर गई। दूसरे दृश्य में महर्षि विश्वामित्र, राम लक्ष्मण सहित जनकपुरी पहुंचते हैं। राजा जनक उनका भव्य स्वागत करते हैं। नगर दर्शन में राम लक्ष्मण का दर्शन पाकर जनकपुर वासी प्रसन्न हो जाते हैं। अगले दृश्य में सीता सखियों सहित गौरी पूजन के लिए आती हैं। वहीं पुष्प वाटिका में सीता लता की ओट से राम को देखती हैं और राम सीता को देखते हैं। सीता मां गौरी से राम को वर रूप में प्राप्त करने का वरदान मांगती हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनय सिंह, सर्वेश सिंह, दिनेश सिंह, विशाल श्रीवास्तव, अनुग्रह जायसवाल, बजरंगी लाल, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, हरि बाबू सिंह, सत्येंद्र सोनकर, ननकू यादव, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, अनिल चौधरी, संतोष सिंह, पिंटू नेपाली आदि उपस्थित रहे।

# नैनी क्षेत्र में वाल्मीकि जयंती पर कवियों ने जमाया रंग

अखंड भारत संदेश




**नैनी।** नैनी क्षेत्र में वाल्मीकि जयंती के पवन अवसर पर एक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आदिकवि को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीत मिश्र अद्भुत ने किया। मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य सम्मेलन के कार्यवाहक पवित्र तिवारी रहे तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष शुक्ल समर्थ ने किया। इस अवसर पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करने वाले डॉ आनंद प्रकाश श्रीवास्तव व डॉ कृष्णा कांत कामिल का विशेष सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ जितेंद्र जलज की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में लोकगायिका मोहिनी श्रीवास्तव ने अपने भजनों द्वारा श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य राजू शांडिल्य के मंत्रोच्चार के बाद कवि सम्मेलन की शुरूआत हुई। कवयित्री नीलम तिवारी, कवि डॉ आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ राजेंद्र शुक्ल, डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर, जगदम्बा प्रसाद शुक्ल, हृदयेन्द्र प्रताप सिंह, अमित कुमार शर्मा आदि ने अपनी रचनाओं द्वारा दर्शक दीर्घा में उपस्थित श्रोताओं की वाहवाही लूटी। मुख्य अतिथि पवित्र तिवारी, कुशल वक्ता अवधेश निषाद व वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा महर्षि वाल्मीकि के चरित्र चित्रण व उनकी सुप्रसिद्ध धार्मिक रचना वाल्मीकि रामायण पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी कवियों को अंगवस्त्र व धार्मिक चित्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ संतोष शुक्ल ने आगत अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रीति श्रीवास्तव, शिखा द्विवेदी, श्रुति पाण्डेय, सुमन निषाद, अंकिता दुबे, रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे।


## सूचना

न्यू आर एस जे पब्लिक स्कूल छतनाग, झूंसी प्रयागराज, जीतेंद्र कुमार निवासी ग्राम, कैथवल, पोस्ट जगतपुर, तहसील, फूलपुर, जिला प्रयागराज, का निवासी है मेरी पुत्री लीजा (Leeza) आपके विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है। तथा मेरी पुत्री का शुद्ध एवं सही जन्मतिथि 15/09/2011है। जब कि स्कूल के अभिलेख में जन्म तिथि 15/10/2011 अंकित है। जो गलत है मेरी पुत्री लीजा (Leeza) के आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में जन्मतिथि 15/09/2011 मुद्रित है जो की सही है। शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि को सही मानकर स्कूल के अभिलेख में सही जन्म तिथि 15/09/2011 अंकित किया जाना न्याय हित में आवश्यक है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत





**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** दशहरा का मेला देख कर बाइक से घर वापस आ रहे दो युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी । जिससे दोनों बाइक सवार युवकों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मानी उमरपुर निवासी राम मूरत 35 वर्ष पुत्र कलेशर तथा पड़ोसी गांव शाहबाजपुर के मोहम्मद जलील उर्फ सप्पू 40 वर्ष पुत्र खलील सोमवार को ग्राम पिलखुआं में दशहरा का मेला देखने बाइक से गए थे। बताया गया है कि मेला देख कर दोनों बाइक से देर शाम घर वापस लौट रहे थे जैसे ही सकरामऊ गांव के पास पहुंचे सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कुचलते हुए प्रयागराज की ओर भाग गई। राम मूरत और जमील उर्फ सप्पू की मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर जैसे गांव पहुंची गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। तथा मौके पर ग्रामीणों की भीड जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शीतलपुर टिकरी में चला मिशन शक्ति जागरूकता अभियान 5.0, महिलाओं एवं बेटियों को किया गया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** मंगलवार को थाना क्षेत्र थरवई के नया पुरवा शीतलपुर टिकरी में मिशन शक्ति व एंटीरोमियो टीम द्वारा जाकर गांव की महिलाओं व बेटियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन योजना, शादी अनुदान योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। नारी सुरक्षा नारी सम्मान पर भी विशेष बल देते हुए उनकी सुरक्षा व अधिकार को लेकर जागरूक किया गया। जिसके लिए बनाए गए वूमेन हेल्प लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में बताते हुए साइबर अपराध को लेकर जानकरी देते हुये दिए गए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर बताया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल, दिव्या यादव आदि मौजूद रहे।

## ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी कजीपुर रोड चक दाऊद नगर ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता कराई गई तथा प्रोजेक्टर में उनके जीवन परिचय को दिखाकर बच्चों को यह सिखाया गया की किस प्रकार से महर्षि वाल्मीकि कार्य करते हुए गुरु की कृपा से एक अच्छे मार्ग पर चलकर अपने जीवन को भगवान राम के लिए समर्पित किया और रामायण जैसे महाकाव्य की रचना किया और समाज को यह संदेश दिया कि व्यक्ति कभी भी अपने जीवन को बदल सकता है इस पर विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया और बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रवि करण सिंह ने विद्यालय के अध्यापकों को पुरस्कृत किया और सभी बच्चों को चॉकलेट देकर महापुरुषों के बताए हुए मार्ग पर चलने को कहां इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह अध्यापक सुनील सिंह अनिल उपाध्याय वंदना सोनी मंजू पिंकी जी प्रताप सिंह राहुल पांडे कार्तिकेय सिंह राकेश कनौजिया गिरजा शंकर सिंह हर्ष मिश्रा अनुज दुबे रेखा राय मनोरमा विद्या एवं नगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सपा नेता राजू चौबे और समाजसेवी अशोक तिवारी ने किया स्वच्छता की पहल

### व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत में पदाधिकारियों को 15 डस्टविन भेंट कर बाजार को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की किया अपील

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजारोड व्यापार मंडल ने स्वच्छता को लेकर एक और कदम बढ़ाया है। बाजार को साफ सुथरा रखने के लिए दर्जनों दुकानदारों को डस्टबिन बॉक्स देकर स्वच्छ और सुंदर बाजार बनाने में सहयोग करने की अपील की गई है।उल्लेखनीय है कि मेजारोड बाजार को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से सपा नेता राजू चौबे और समाजसेवी अशोक तिवारी ने संयुक्त रूप से अनोखी पहल करते हुए मंगलवार को मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय को 15 डस्टविन बॉक्स भेंट किया है। इस दौरान उक्त दोनों समाजसेवियों ने मेजारोड बाजार को स्वच्छ व सुंदर बनाने में स्थानीय कारोबारियों से सहयोग की अपील किया है। बता दें कि स्वच्छता अभियान के मद्देनजर समाजसेवी राजू चौबे और अशोक तिवारी द्वारा भेंट किए गए डस्टविन बॉक्स को मेजारोड व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बाजार के दर्जनों व्यापारियों को सौंपकर स्वच्छता पर विशेष फोकस करने की हिदायत देते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों का कूड़ा डस्टबिन बॉक्स में डालें सड़कों पर कूड़ा ना फैलाएं स्वच्छता में पूरी निष्ठा के साथ सहयोग करें। इस मौके पर वरिष्ठ सलाहकार नाथू गुप्ता, महामंत्री ओपी पांडेय, मौलाना अब्दुल कलाम, नईम अहमद तथा धर्मेंद्र केशरी आदि के अलावा व्यापार मंडल के कई अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



मेजारोड के दुकानदारों को डस्टविन वितरित करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी

## दीवाली आते ही सजने लगी जुये की फड़, क्षेत्र में बढ़ रही घटनाएं

**कौंधियारा।** दीपावली त्योहार आते ही कौंधियारा क्षेत्र अंतर्गत कई गांवों में जुये की फड़ सजने लगी है। जुआंड़ी हर रोज लाखों का दांव लगा रहे है। सूत्रों के अनुसार कौंधियारा क्षेत्र के बड़गोहना खुर्द में आधी रात होते ही जुये की फड़ सजने लगती है। दर्जनों की संख्या में जुआंड़ी इकट्ठा होकर लाखों का दांव लगाते है। ग्रामीणों ने कई बार इसका विरोध किया लेकिन अभी भी जुआं नहीं बंद हुआ। जानकारी के अनुसार करछना, घूरपुर और जारी क्षेत्र के कई स्थानो पर भारी मात्रा में जुआं खेला जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र में घटनाएं आम होगई है। कई घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। पुलिस जानते हुये भी जुआंड़ीयों को पकड़ने में नाकाम रही है। स्थानीय लोगो का कहना है कि समय रहते जुआं नही बंद कराया गया तो क्षेत्र में अपराध बढ़ने की आशंका है।

# ताड़का वध नामक रामलीला का मंचन कलाकारों की ओर से किया गया , जुटी रही भीड़

**अखंड भारत संदेश**



**करछना प्रयागराज।** आदर्श नवयुवक रामलीला समिति भडेवरा बाजार के कलाकारों की ओर से खेली जा रही दस दिवसीय रामलीला के मंचन में रामलीला देखने के लिए रात्रि कालीन में दर्शक लोगों की भीड़ जुट रही है। सोमवार की रात्रि में कलाकारों की ओर से ताड़का वध नामक रामलीला का मंचन हुआ। जिसमें जनसेवक शुभम गोरेलाल तिवारी की ओर से फीता काट कर मंचन का शुभारंभ किया गया। और श्री राम की आरती उतारी गई। वहीं मुनि विश्वामित्र राक्षसों के उत्पात से सकुशल यज्ञ कार्य नहीं संपन्न कर पा रहे थे। उन्होंने यज्ञ की रक्षा हेतु राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को मांगा । और दोनों राजकुमारों को लेकर आ रहे थे कि ताडका नामक बन में ताड़का नामक राक्षसी ने मुनि विश्वामित्र का रास्ता रोकना चाहती थी। जिससे मुनी डरे व सहमे रहे । वही राम ने मुनि की रक्षा हेतु ताड़का नामक राक्षसी का संहार कर दिया। ताड़का की वध की सूचना पर मारीच व सुबाहु नामक दोनों राक्षस अन्य और राक्षसों के साथ श्री राम से युद्ध करने के लिए पहुंचे । और भगवान श्री राम ने मारीच व सुबाहु नामक दोनों राक्षसों सहित सभी अन्य और राक्षसों का भी वध कर दिया। इस पर लोगों की ओर से श्री राम के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा की गई । इस मौके पर व्यास कमला शंकर शुक्ल, प्रभाकांत मिश्र, उमाकांत पांडेय, लल्लू राम तिवारी , देव प्रभाकर मिश्र, स्वामी शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, प्रज्ञाभ सोनू मिश्र, धर्मेंद्र कुमार शर्मा ,देव कांत मिश्र,शरद कुमार ओझा ,श्याम प्रभाकर मिश्र, पंकज कुमार मिश्र ,वेद प्रकाश ओझा, दीपक तिवारी, मोनू मिश्र, पंकज तिवारी , विकास पांडेय, साकेत शुक्ल, गजानंद ओझा, अमित ओझा, सोनू ओझा आदि लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति के नाम का फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्रयागराज में कैं ट पुलिस ने जांच शुरू कर दी है

**प्रयागराज।** छावनी परिषद को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से भेजे गए फर्जी आदेश को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पत्र के आधार पर कैंट पुलिस छानबीन करते हुए तथ्यों, साक्ष्यों को संकलित कर रही है। जल्द ही प्रतापगढ़ निवासी राजू कुमार को तलब करके उससे पूछताछ की जाएगी। इसके साथ ही बिहार के पटना स्थित डाकघर के जरिए भी स्पीड पोस्ट भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई है। सोमवार दोपहर करीब तीन बजे छावनी परिषद में स्पीड पोस्ट के जरिए एक पत्र आया था। लिपिक अश्विनी कुमार ने लिफाफा खोला तो पत्र पढ़कर हतप्रभ रह गया। इसमें लिखा था कि ह्यआवेदनकर्ता राजू कुमार पटेल पुत्र बाबू लाल निवासी ग्राम हनुमानपुर पोस्ट दखवापुर, जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश भारत-230143 का मूल निवासी है। वह स्नातक एवं डिप्लोमाधारी है। अतः आवेदक को नियुक्ति पत्र प्रेषित कर उसे फील्ड मार्शल के पद पर नियुक्त करने की कृपा करेंह्न। पत्र में भारत के राष्ट्रपति की फर्जी मुहर लगी थी और द्रौपदी मुर्मू का कूटरचित हस्ताक्षर भी बनाया गया था। छावनी परिषद प्रयागराज को नौकरी देने के संबंध में आदेश की जानकारी अधिकारियों तक पहुंची तो खलबली मच गई। उसे पढ़कर ही समझा गया कि आदेश फर्जी है क्योंकि छावनी परिषद में न तो कोई ऐसा पद है और न ही नियम। प्रारंभिक जांच में पता चला कि स्पीड पोस्ट बिहार के दानापुर पटना से स्पीड पोस्ट भेजा गया है। तब जांच और कार्रवाई के लिए कैंट थाने में शिकायत दी गई थी। इंस्पेक्टर कैंट सुनील कुमार का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है।

## सपा कार्यालय में मनाई गई महर्षि बाल्मीकि जयंती

**प्रयागराज।** मंगलवार को महर्षि बाल्मीकि जयंती सपा कार्यालय में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर नमन किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, महानगरअध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन,डॉ मानसिंह यादव, चौधरी राम लौटन निषाद, रविन्द्र यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, जगदीश यादव, राम सुमेर पाल, शांति प्रकाश पटेल, महेन्द्र निषाद, महबूब उस्मानी, कुलदीप यादव,मनीष उर्फ बबलू यादव, जीतराज हेला, सऊद अहमद प्रदीप निषाद, आदि मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि के प्रतिमा पर महापौर द्वारा माला अर्पण करके जयंती मनाई गई



**नैनी।** नैनी महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती कार्यक्रम जहांगीराबाद वार्ड 31 अरैल बंधा रोड पर महर्षि वाल्मीकि जी के नवनिर्माण प्रतिमा पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी द्वारा माला अर्पण करके जयंती मनाई गई।

महापौर द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी के बारे में उनके जीवन पर विस्तार से बताया गया इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद रणविजय सिंह डब्बू द्वारा नैनी क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा बनवाने के लिए महापौर को धन्यवाद व्यापित किया इस मौके पर पार्षद गण मुन्ना प्रधान, संजय पासी, आलोक कुमार तथा भाजपा नेता नरसिंह, राजन शुक्ला, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा, सत्यम शुक्ला, गणेश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता आदि कई लोग उपस्थित रहे।

# एक देश एक बाजार का सपना हुआ साकार : डॉ. वीके सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** मंगलवार को प्रतापपुर विकास खंड के सभागार में जीएसटी रिफॉर्म विधानसभा सम्मेलन ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ कुंवर वीके सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रभाशंकर पांडेय रहे। सर्व प्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर-के कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ वीके सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घटाई गई जीएसटी से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि जीएसटी की दर कम करके प्रधानमंत्री ने आम उपभोक्ताओं को बहुत बड़ी राहत दी है आम आदमी को इससे लाभ होगा प्रधानमंत्री को आम लोगों की विशेष चिंता रहती है जीएसटी घटाकर उन्होंने एक देश एक बाजार का सपना साकार किया। विशिष्ट अतिथि प्रभाशंकर पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश उत्तरोत्तर विकास कर रहा है पूरा विश्व आज भारत के क्षमता का लोहा मान रहा है हम आज विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुके हैं जिससे विश्व में भारत देश का डंका बज रहा है। ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं प्रधानमंत्री को जीएसटी घटाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हरि भूषण सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्याम बिहारी पांडेय, मंडल प्रभारी द्वय मनोज सिंह आचार्य एवं सभाजीत मिश्रा, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, बृजेश त्रिपाठी, राजकुमार पटेल, निसार अहमद, ईश्वर चंद्र बिंद, रीना सिंह, दीपिका सिंह, मीरा मौर्या, रमेश केसरवानी, मंडल अध्यक्षों में प्रदीप बिंद, मनोज पाठक, रामधारी सरोज एवं ब्रह्मचारी जायसवाल, कमलेश मौर्य, विनय दुबे, उदयवीर प्रजापति, देवेंद्र दुबे, रुद्र प्रताप सिंह, कैलाश तिवारी, सतीश चंद्र मिश्र, राघवेंद्र त्रिपाठी, कान्हा सिंह बघेल, त्रिलोक शंकर दुबे, लालेश, महंथ लाल, सच्चिदानंद, श्वेतांक मिश्र, शेखर, रविंद्र सिंह, राजा मौर्य, अच्छे लाल पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नीबी कला में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**सहसों।** सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ झूंसी के नीबी कला गांव स्थित कृष्णा पैलेस लीलापुर रोड पर मुख्य यजमान पंडित चक्रधर मिश्र एवं मीरा मिश्रा के संयोजन में कल गुरुवार 9 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। जिसमें कथा व्यास जगद्गुरु स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज अयोध्या धाम के अमृतमयी वांणी से कथा श्रवण कराई जाएगी। कथा का समय अपराह्न 3 बजे से सायंकाल 7 बजे तक रहेगा। उक्त आशा की जानकारी पंडित कमला निवास मिश्र एवं पंडित विद्याधर मिश्र ने दी है।

# महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर मन्दिरों में आयोजित हुआ रामायण पाठ

## हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के माहौल में मनायी गयी आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी की जयन्ती





**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निदेशानुसार एवं जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी व मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयन्ती को जनपद में हर्षोल्लास, श्रद्धा व भव्य रूप से मनाई गई। रामजानकी, हनुमान, वाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण के साथ ही रामायण पाठ, सुन्दरकाण्ड व भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किये गये। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद 17 विकास खण्डों, 18 नगर पंचायतों व नगर पालिका परिषद बेल्हा व अन्य प्रमुख मन्दिरों में श्रीराम, रामजानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, हनुमान व वाल्मीकि मंदिरों में अनवरत रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका परिषद बेल्हा-प्रतापगढ़ द्वारा माँ बेल्हा देवी धाम परिसर में महर्षि वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर बाजार वार्ड सभासद प्रतिनिधि रवीन्द्र केसरवानी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी के तपस्या, संघर्ष एवं जीवनी के बारे मे लोगो को बताया गया। तत्पश्चात कलाकारो, भजन गायको के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि सुंदरकाण्ड कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न किया गया है। कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी सदर, सभासद आशीष जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, उदय शंकर मिश्र, विजय बहादुर व संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर नगरीय निकायों में नगर पंचायत अन्तू के शिव मंदिर, कटरा मेंदनीगंज के शिव मंदिर, प्रतापगढ़ सिटी के रामजानकी मन्दिर, रानीगंज के हनुमान मंदिर, पट्टी के हनुमान मंदिर, लालगंज के चतुर्भुज मंदिर, मानिकपुर के ज्वाला देवी मन्दिर, कुण्डा के शिव मंदिर, सुवंशा के हनुमान मदिर, ढकवा के रामजानकी मन्दिर, कोहड़ौर के हनुमान मंदिर, पृथ्वीगंज के शिव मंदिर, रामगंज के शिव मंदिर, डेरवा के चैराश मंदिर, कटरा गुलाब सिंह के हनुमान मंदिर, हीरागंज बाजार के राम जानकी मंदिर, गड़वारा के शिव मंदिर व मानधाता के हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ, भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किये गये। महर्षि बाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर ब्लाक सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम पंचायत सण्ड़वा चन्द्रिका अवस्थित माँ चन्दिकन देवी धाम पर, ब्लाक रामपुर संग्रामगढ़ परिसर में स्थित शिव मंदिर पर, ब्लाक परिसर लालगंज में शिव मन्दिर पर, ब्लाक कालाकांकर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हिनाहूं में स्थित नर्मदेश्वर महादेव के मन्दिर पर, ब्लाक कार्यालय कुण्डा में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर वाल्मीकि जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व ग्राम पंचायत जहाँनाबाद के गौरी शंकर मन्दिर धॉम पर, ब्लाक खण्ड बताते चलें कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिनके द्वारा रचित रामायण विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में आज भी पूज्यनीय है, जो व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण में वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन का आधार है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार- प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि, श्रीराम, हनुमान जी से संबंधित मंदिरों पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया है। इस कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी आदि की सहभागिता रही।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित हुई एक दिवसीय कथा

**प्रतापगढ़।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूरेअजमेर शाह स्थित निमरी भवानी मंदिर पर एक दिवसीय कथा का आयोजन किया गया। जिसमें कथा व्यास ने वाल्मीकि रामायण का व्याख्यान करते हुए महर्षि वाल्मीकि के चरित्र के बारे में चर्चा की। जन जागरण समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वाराणसी से पधारे कथा व्यास सच्चिदानंद जी महाराज व नैमिशारण से आए हुए कथा वाचक सदानंद शुक्ल ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए रामायण की पूजा के साथ कथा की शुरूआत की। इस दौरान कथा वाचकों ने वाल्मीकि रामायण का व्याख्यान करते हुए महर्षि वाल्मीकि के जीवन को चरितार्थ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजीव प्रताप सिंह नन्दन मौजूद रहे। समाजसेवी अजय प्रताप सिंह ने आए हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी से स्वदेशी अपनाने की अपील की। इस दौरान महेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय प्रताप सिंह, समर बहादुर सिंह, हरि प्रसाद मिश्र, राम चंद्र शास्त्री, रोहित सिंह, त्रिलोचन सिंह, राकेश बहादुर सिंह, अजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### गोपाल मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया गया अधिवक्ता का जन्मदिन



प्रतापगढ़। जनपद न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता भारतीय भाषा अभियान के जिला सहसंयोजक राजा राम सरोज का जन्मदिवस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश,जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण के सानिध्य में अभियान के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की मौजूदगी में 73 वाँ जन्मदिवस गोपाल मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभाग प्रचारक ओम प्रकाश व जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण ने अधिवक्ता राजा राम सरोज का मुंह मीठा करा अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें सुख-शांति मान -सम्मान और दीघार्यु जीवन हेतु शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भावुक हुए राजाराम सरोज ने कहा कि विभाग प्रचारक ओम प्रकाश व जिला प्रचारक प्रवीण कृष्ण ने आज मेरे 73 वें जन्मदिन को जीवन काल का यादगार और ऐतिहासिक बना दिया है। मेरे जीवन काल का यह पहला अवसर है,जो इतना मान सम्मान प्यार आशीर्वाद मिला है। इसके लिए जीवन भर आभारी रहूंगा।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, नगर प्रचारक विवेकानंद,अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय परिषद की सदस्य किरण बाला सिंह, भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता, सह संयोजक सतीश दूबे, अभिषेक शर्मा, अधिवक्ता परिषद महामंत्री शिवेश शुक्ला, तहसील सदर के संयोजक राहुल सिंह, सहसंयोजक विजय पांडेय, आशीष गुप्ता, शिवकुमार पुष्पजीवी, वीर गौरव सिंह, आकाश, आरव, डब्बू, राहुल मौर्य आदि मौजूद रहे।

### कथा को लेकर कलश यात्रा में भगवान की झांकी देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, हुई पुष्पवर्षा



**प्रतापगढ़।** श्रीमद्भागवत कथा को लेकर सांगीपुर क्षेत्र के सुजाखर गांव में मंगलवार को कलश यात्रा निकाली गयी। अवध धाम से पधारे कथाव्यास शिवेश शास्त्री जी महराज की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा कथास्थल से दीवानगंज स्थित मंदिर के साथ बिजहड़ी दूधनाथ मंदिर होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं ने धार्मिक भजनों से कन्हैया का गुणगान किया। वहीं कलश यात्रा में भगवान की भव्य झांकी को भी श्रद्धालु निहारते दिखे। श्रद्धालुओं ने झांकी पर पुष्पवर्षा भी की। कलश यात्रा में हाथी घोड़ा व रथ भी आकर्षण में दिखा। कलश यात्रा का संयोजन श्यामशंकर पाण्डेय व चमेला पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्रमोद पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, पं. कैलाशपति मिश्र, अनूप त्रिपाठी, संजय मिश्र, सुधीर पाण्डेय, कुसुम, सरिता, हेमन्तनंदन, माधवशंकर, राजेश, राकेश, अखिलेश आदि रहे।

### पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**पट्टी।** शादी के साल भर के अंदर ही दहेज में कार की मांग को लेकर विवाहिता को मार-पीट का घर से भगा दिया गया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव निवासी प्रिया पुत्री स्वर्गीय जयप्रकाश का आरोप है कि उसकी शादी 20 अप्रैल 2024 को हिमांशु तिवारी पुत्र स्वर्ग राजेंद्र निवासी विमला निवास नईगंज उमरपुर चैराहा माता मंदिर के पास जनपद जौनपुर के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी में सात लाख नगद, सोने की अंगूठी, चेन सोफा फ्रिज कूलर आदि देकर करीब 25 लख रुपए खर्च किया था। शादी के कुछ दिन तो ठीक-ठाक रहा।इसके बाद दहेज में कार की माग को लेकर ससुराल के लोग प्रताड़ित करने लगे। बीते 30 सितंबर को पति हिमांशु, देवर सुधांशु, सास विमला, ननद निवेदिता उर्फ नेहा ने जमकर मारा पीटा और चार पहिया वाहन से लाकर उसके मायके छोड़ दिया। पीड़िता ने स्थानीय थाने पर प्रकरण की शिकायत की। पर जब यहां कोई सुनवाई नहीं हुई तो विवाहिता ने एसपी प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र दे दिया। एसपी के आदेश पर आसपुर देवसरा पुलिस ने पति सास ननंद व देवर के विरुद्ध मारपीट दहेज उत्पीड़न गाली गलौज धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, कोहराम



**पट्टी।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई थी। घटना की सूचना आसपुर देवसरा पुलिस को दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अंमापुर बाजार में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में महेश कुमार अग्रहरी (33) पुत्र माखन लाल अग्रहरि की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक मृतक रात के समय खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। मंगलवार की सुबह 8 बजे तक जब महेश सो कर नहीं उठा तो पिता जागने गए तो महेश मृत अवस्था में अपने बिस्तर पर पड़ा मिला । महेश वाराणसी शहर में रहकर फेरी लगा कर कबाड़ खरीदने का काम करता था। मृतक की शादी पांच वर्ष पूर्व गुड़िया से हुई थी। मृतक का तीन वर्ष का एक बेटा भी हैं । मृतक दो भाई थे भाइयों में सबसे छोटा था । घटना की सूचना परिजनों ने आसपुर देवसरा पुलिस दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार मंगलवार को इब्राहिमपुर घाट लेकर जाकर कर दिया हैं। आसपुर देवसरा थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार सिंह ने बताया घटना की जानकारी उन्हें नहीं दी गई है।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

## मदरसे के एक शिक्षक को भी पुलिस ने बनाया आरोपी, तीन को भेजा जेल, एक फरार



**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के सपहाछात गांव स्थित सुखराज सिंह बालिका महाविद्यालय मैं अवैध पटाखा फैक्ट्री पकडा गया है। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर महिला सहित तीन आरोपियों को जेल भेज दिया। एक आरोपी जो कि शिक्षक है अभी पुलिस की पकड से दूर है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

बताते चले कि विगत तीन वर्षों से महाविद्यालय बंद चल रहा है। इस महाविद्यालय के लगभग 14 कमरों में अवैध रूप से पटाखा बनाया जाता हुआ पाया गया। जिसमें परिवार की एक महिला व तीन पुरुष शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस विभाग को हुई तो सोमवार दोपहर करीब एक बजे पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी एसडीएम पूर्णेन्दु मिश्रा, एसओजी की टीम, पट्टी कोतवाल अभिषेक सिरोही, आसपुर देवसरा थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह मयफोर्स विद्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अवैध 47 लाख रुपये का पटाखा बरामद किया था। लगभग 14 कमरों में यह फैक्ट्री चलती हुई पाई गई है। पुलिस ने मामले में पटाखा कारोबारी मदीना बेगम पत्नी जुम्मन अली निवासी पट्टी खास मेला ग्राउण्ड, सलमान सिद्दीकी पुत्र जुम्मन अली, सैफ पुत्र जुम्मन अली निवासी पट्टी नगर मेला ग्राउण्ड व हाफिज फिरोज पुत्र जुम्मन अली निवासी मेला ग्राउण्ड पट्टी को आरोपी बनाकर इनके खिलाफ 125 बीएनएस, सेक्शन 5 व 9 बी (1) (ए) विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने मदीना बेगम, सलमान सिद्दीकी, सैफ को जेल भेज दिया। जबकि हाफिज फिरोज जो कि मदरसे का शिक्षक है वह फरार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में शिक्षक को भी आरोपी बनाया है। इस संबंध में पट्टी कोतवाल अभिषेक सिरोही ने बताया कि सचिन यादव की तहरीर पर विस्फोटक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन को जेल भेज दिया गया है। एक आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

# संघ शताब्दी वर्ष पर आयोजित हुई गोष्ठी व पथ संचलन



**पट्टी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पट्टी खण्ड द्वारा मंगलवार को संघ शताब्दी वर्ष के पुनीत अवसर पर विजयादशमी उत्सव स्वयंसेवकों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। विजयादशमी उत्सव में सर्वप्रथम स्वयंसेवकों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात सैकड़ों की संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए जिला प्रचारक प्रवीण ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष पूर्ण होने पर अपना शताब्दी मना रहा है। नन्हे से बीज रूप में रोपित 1925 का संघ आज विराट वट वृक्ष होकर जगत को आलोकित कर रहा है। इस दौरान विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि हमारी मां दुर्गा के एक हाथ में शास्त्र तो दूसरे हाथ में शास्त्र रहता है उसी के तर्ज पर हम स्वयंसेवक काम करते हैं जहां शास्त्र का अपमान होता हुआ दिखाई देता है वहां हम शास्त्र का प्रयोग करने में पीछे नहीं हटते हैं। संघ अपने कार्यपद्धति के कारण 100 वर्ष की यात्रा पूरा किया है। समाज के सभी विकारों को दूर करने के लिए पंच प्रण रूपी मंत्र के साथ शताब्दी वर्ष में अपने गंतव्य की ओर है। संघ शताब्दी वर्ष का ध्येय है एक सशक्त और जाग्रत हिंदू समाज। इस अवसर पर पथ संचलन करते हुए पैर से पैर मिलाते हुए निकले। पट्टी कोतवाली के सामने अधिवक्ता परिषद के तहसील प्रभारी नंदन चतुवेर्दी रजनीश पांडे अमरीश तिवारी शुभम शांडिल आदि ने पुष्प वर्षा की। इस अवसर परपूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, ब्लाक प्रमुख पट्टी राकेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख मगरौरा राजीव प्रताप सिंह उर्फ नंदन सिंह, पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक जायसवाल, आचार्य विष्णु दत्त तिवारी रामचरित वर्मा सुभाष खंडेलवाल विनय तिवारी समेत सैकड़ो छोटे बड़े संघ कार्यकर्ता पथ संचलन में शामिल हुए।

# शराब की कम्पोजिट दुकान पर बवाल, केस दर्ज

### चार आरोपियों को दबोचकर पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

**प्रतापगढ़।** देशी शराब की कम्पोजिट दुकान पर उधारी शराब मांगने को लेकर सोमवार की रात उपद्रवियों ने जमकर बवाल काटा। पुलिस ने घटना में सेल्समैन की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं चारों आरोपियों को रात में ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मंगलवार को इन आरोपियों का शांतिभंग को लेकर एसडीएम कोर्ट के लिए चालान किया गया। लालगंज कोतवाली के तिनमोहड़िया बाजार में सरकारी शराब की कंजोजिट दुकान है। दुकान पर देशी शराब के साथ बीयर की बिक्री हुआ करती है। सोमवार की रात करीब पौने नौ बजे दो बाइकों से चार युवक दुकान पर पहुंचे। युवकों में से एक ने सेल्समैन से उधार शराब मांगी। सेल्समैन ने मना किया तब इनमें से एक आरोपी ने लाइसेंसी पिस्टल निकाल लिया। इसके बाद आरोपियों ने दुकान के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। सेल्समैन के शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देते चले गये। घटना के बाद दुकान के सेल्समैन प्रयागराज जिले के हण्डिया थाना के बरौत निवासी ओमप्रकाश ओझा पुत्र विजयशंकर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में लीलापुर थाने के तिना निवासी रामराज के पुत्र अखिलेश दुबे, सांगीपुर थाना के हर्षपुर निवासी बलराम मिश्र के पुत्र रवि ने व श्याम नंदन मिश्र के पुत्र नित्यानंद व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रात ही में घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने फोर्स के साथ दबिश देकर चारों आरोपियों को रात में ही धर दबोचा। अज्ञात के रूप में हर्षपुर के ही मनोज यादव पुत्र शिवनाथ की भी पहचान की गयी है। अगले दिन मंगलवार को चारों आरोपियों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट भेजवाया।

# महर्षि बाल्मीकि जयन्ती पर नगर के चतुर्भुजी मंदिर प्रांगण में हुआ पूजन अर्चन



**लालगंज।** रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती मंगलवार को धूमधाम से मनाई गयी। नगर पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा सांगीपुर वार्ड के चतुर्भुजी देवी धाम में हुए सामूहिक सुन्दरकाण्ड तथा हवन पूजन व भजन संकीर्तन में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व अधिशाषी अधिकारी इन्द्र प्रताप ने श्रीराम दरबार व महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर तिलक अभिषेक एवं माल्यार्पण कर किया। प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में देवी धाम प्रांगण में भजन गायक राजेश शुक्ला के दल द्वारा सामूहिक सुन्दरकाण्ड की सुमधुर प्रस्तुति दी गयी। हवन पूजन में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने लोकमंगल की प्रार्थना की। उन्होने कहा कि महर्षि बाल्मीकि मानवता तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की प्रेरणा को लेकर रामायण की रचना की। ईओ इन्द्र प्रताप ने कार्यक्रम का संचालन किया। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी महर्षि बाल्मीकि के संस्मरणों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्वागत अनिकेत दुबे तथा आभार प्रदर्शन अरविंद मिश्र रिंकू ने किया। इस मौके पर विकास तिवारी, रोहित मिश्र, सोनू मिश्र, विनय पाण्डेय, शास्त्री सौरभ आदि रहे। वहीं तहसील परिसर स्थित श्रीमर्देश्वर हनुमान जी मंदिर पर भी सामूहिक सुन्दरकाण्ड के साथ हनुमान जी की भव्य आरती उतारी गयी। यहां संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज ने महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संयोजन अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र व मोहित मिश्र ने किया। इस मौके पर राव वीरेन्द्र सिंह, हरकेश पटेल, बृजेन्द्र पाण्डेय मण्टू, शिव कुमार गुप्ता, पंकज मिश्र, लाल स्नेहांश प्रताप सिंह, हेमन्त पाण्डेय, सुमित त्रिपाठी, अशोक मिश्र, चैतन्य मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयेजन




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में एंटी रोमियो प्रभारी महिला उप निरीक्षक दीपाली और मिशन शक्ति प्रभारी महिला उप निरीक्षक कंचन लता के सहयोग से बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान गोड़े में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक अभियोजन एस0एन0 सिंह ने बालिका एवं महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने और उन्हें विभिन्न कानूनी के प्रति जागरूक कर, सुरक्षा के विभिन्न पहलूओं पर जानकारी दी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सुरेश कुमार ने कहा की प्रदेश में इस प्रकार के जागरूकता अभियान से महिलाओं के प्रति हिंसा करने वालों की पहचान कर, महिलाओं को राज्य में सुरक्षित महसूस कराना है। इस मिशन के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियोजन अधिकारी अरविंद सिरोही ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शासन स्तर से कई अभियान और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।एंटी रोमियो प्रभारी महिला उप निरीक्षक दीपाली ने अपने उद्बोधन में मिशन शक्ति की खास बातें बताते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चियों से सम्बंधित जो भी केस कोर्ट में जाएंगे उन्हें फास्ट ट्रैक भेजकर सुनवाई जल्दी पूरी करवाना, रेप केस को प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना, अभियान से सभी विभागों को एक साथ जोड़ना ताकि महिलाओं को कोई परेशानी न हो। हेल्पलाईन नम्बर, साइबर सिक्योरिटी के प्रति भी लोगों को जागृत किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी कंचन लता ने कहा कि सभी पुलिस थानों में महिलाओं के लिए एक अलग हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां महिला अधिकारी और सिपाही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता अधिकारी शिशिर खरे ने किया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल शेखर झा, आरसेटी निदेशक रवि रंजन, जिला मिशन मेनेजर उमेश द्विवेदी, महिला कांस्टेबल रेनू यादव, मंशा देवी, प्रेमती, फैकल्टी अमृता सहित गायत्री सिंह, शांतनु शेखर सिंह, मूलचंद्र, अरुणलता सहित ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट बैच के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### स्वदेशी मेले का आयोजन 09 से 18 अक्टूबर तक

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु स्थानीय हस्तशिल्पियों-कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न वस्तुओं की बिक्रीध्उत्पादों के प्रदर्शन हेतु आयुक्त एवं उ०प्र० व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर के निदेर्शानुसार दिनांक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक राजकीय इण्टर कालेज कैम्पस में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले को रोचक एवं उल्लासपूर्ण बनाये जाने हेतु मेला अवधि में सायं 5 बजे से 7.30 बजे तक स्थानीय कलाकारों के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जायेगा।

# सुपरवाइजर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**लालगंज।** कंपनी के सुपर वाइजर द्वारा दो सौ बयासी बैग मुगीर्दाना को किसानों के नाम पर धोखाधड़ी तथा बेईमानी से गबन को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज एबिस एक्सपोर्ट इण्डिया प्रा0लि0 शाखा के प्रबन्धक भूपेन्द्र सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अगस्त से इक्तीस अगस्त के बीच कंपनी में सुपरवाइजर बाघराय थाने के कोडराजीत निवासी अजय कुमार यादव पुत्र जयराम दो सौ बयासी बैग मुगीर्दाना किसानों को देने के लिए ले गये। आरोपी द्वारा इसे किसानों को न देकर गबन कर लिया गया। किसानों द्वारा मुगीर्दाना का बैग उन्हें न मिलने पर जानकारी देने पर शाखा में हडकंप मच गया। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुपरवाइजर अजय यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

# युवक की मौत को लेकर परिवार पर हत्या की आशंका, केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** रिश्तेदारी आये गैरजिले के युवक की गोली लगने से मौत को लेकर पुलिस ने सोमवार की रात हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव में दो अक्टूबर को पड़ोसी जिले कौशाम्बी के मंझनपुर थाना के वमनपुरवा मजरे ऊनो निवासी शौर्य पाण्डेय पुत्र स्व0 सूर्यप्रकाश पाण्डेय नंदलाल तिवारी के घर आया था। मृतक का नंदलाल के यहां रिश्ता था। तीन अक्टूबर की भोर में मृतक शौर्य को नंदलाल के घर लाइसेंसी बंदूक से गोली लग गयी। रिश्तेदार आननफानन में उसे इलाज के लिए प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित वत्सल हास्पिटल ले गये। घटना की रात ही अस्पताल में शौर्य की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक शौर्य के चाचा रामअभिलाष पाण्डेय पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद ने पुलिस को मंगलवार को तहरीर सौपी है। तहरीर में कहा गया है कि घटना की सुबह करीब आठ बजे उसके भतीजे शौर्य की बारह बोर लाइसेंसी से गोली लगी। दौरान इलाज उसकी मौत हो गयी। तहरीर में मृतक के चाचा ने घरवालों के द्वारा बंदूक का प्रयोग कर भतीजे की हत्या किये जाने की आशंका जतायी गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घटना को लेकर हत्या का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि हत्या का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही घटना की जांच कर दोषियों को चिन्हित किया जाएगा।

# सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, दर्दनाक मौत



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा पावर हाउस के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन चालक ने कुचल दिया जिससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आज मंगलवार सुबह अभिषेक उम्र 34 वर्ष पुत्र हरिवंश निवासी केसारी जहगीरा बाद थाना सैनी बाइक से करेला लेकर सैनी मंडी आया था मंडी में अपनी करेला को व्यापारी के यहां रखकर मोटरसाइकिल से नगर पंचायत अझुवा क्षेत्र स्थित किसी रिश्तेदारी जा रहा था ,युवक पॉवर हाउस के सामने सड़क पार कर दूसरे लेन में पहुंचा तभी सामने आ रहा अज्ञात वाहन उसे कुचलते हुए फरार हो गया सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने अझुवा चौकी पुलिस को सूचना दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को खबर करते हुए शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाते हुए दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश में जुट गई है युवक पांच भाइयों मे दूसरे नंबर का भाई था युवक की मौत से पत्नी सहित परिजनों में कोहराम मच गया है।

## ड्यूटी जाते समय पीआरडी जवान की मौत

**रास्ते में बेहोश होकर गिरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती के दौरान तोड़ा दम**



**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नागचौरी का पूरा गांव निवासी पीआरडी जवान सुरेंद्र प्रसाद पांडे उम्र 55 वर्ष की ड्यूटी पर जाते समय मंगलवार सुबह लगभग 9:00 बजे अचानक सड़क पर गिरने से मौत हो गई आशंका जताई जाती कि उनका हार्ट का दौरा पड़ा है जिससे उनकी मौत हुई है बताया जाता है कि पीआरडी जवान मंगलवार की सुबह साइकिल से मंझनपुर मेडिकल कॉलेज अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे बताया जा रहा है कि गांव से कुछ दूरी पर नहर के पास पहुंचते ही अचानक वह गश खाकर सड़क पर गिर पड़े।रास्ते से गुजर रहे लोगों ने जब उन्हें बेहोश देखा तो तत्काल परिवार को सूचना दी परिजन और ग्रामीण उन्हें आनन फानन में मेडिकल कॉलेज ले लेकर पहुंचे। जहां चिकित्साओ ने भर्ती कर इलाज शुरू किया लेकिन दोपहर के समय डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया सुरेंद्र प्रसाद पांडे अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटे को छोड़कर गए हैं पूरे गांव में शोक की लहर है।

## दानपुर मेला शांति पूर्ण संपन्न, पुलिस रही मुस्तैद

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा क्षेत्र में दानपुर में आयोजित परंपरागत मेला इस बार पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। मेले के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रही भीड़ पर नियंत्रण रखने के लिए ड्रोन कैमरे की मदद से निगरानी की गई थाना पश्चिम शरीरा के प्रभारी त्रिलोकीनाथ पांडेय व असाढ़ा चौकी प्रभारी शुभम सिंह ने पूरे पुलिस बल के साथ लगातार गश्त कर मेले को सकुशल संपन्न क्राया। उनकी सक्रियता और सतर्कता के चलते किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निरंतर निगरानी और गश्त के कारण मेला पूर्णत शांतिपूर्ण रहा मेला क्षेत्र में समस्त पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रही जिससे आमजन ने सुरक्षित मेले का आनंद लिया।

## न्यूज झरोखा

### मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 अंतर्गत विशेष जागरूकता अभियान

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद कौशाम्बी के समस्त थानों की महिला बीट कर्मियों एण्टीरोमियों पुलिस टीमों द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अवसर पर समस्त थानो की एंटी रोमियो टीम एवं शक्ति दीदी दल द्वारा बाजारों, कस्बों, गांव, मंदिरों एवं पंचायत भवनों में चौपाल लगाकर भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को साइबर अपराध से सुरक्षा, महिला सम्मान, नारी स्वावलंबन एवं शासन की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। थाना कड़ाधाम ग्राम फरीदगंज में थाना चरवा बलीपुर टाटा ग्राम पंचायत में थाना महेवाघाट थाना क्षेत्र में भ्रमण कर वा थाना सैनी थाना क्षेत्र में भ्रमण कर वा थाना पश्चिम शरीरा - ग्राम बैगनपुर में थाना संदीपनघाट ग्राम आलमचंद्र में थाना कौशाम्बी ग्राम हिसामबाद में थाना सराय अकिल के कस्बा सराय अकिल में भ्रमण कर वा थाना करारी के ग्राम गुवारा तैयबपुर में महिला थाना में क्षेत्र भ्रमण कर वा थाना पिपरी के ग्राम रेही व ग्राम बरेठई में थाना कड़ाधाम के शीतला माता मंदिर में थाना मंझनपुर के बशिष्ठ स्कूल मंझनपुर में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा व सम्मान, नारी स्वावलंबन महिला सहायता केंद्र एवं महिला हेल्पडेस्क की जानकारी बालिकाओं व महिलाओं के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर की 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध), 181 (महिला हेल्पलाइन) आदि की जानकारी दी गई।

### महिला से छेड़खानी के मामले में दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में महिला के छेडखानी की गयी है थाना सराय अकिल पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ तथा विवेचना में अभियोग में धारा 64(1) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। उपरोक्त क्रम मे थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर खास की सटीक सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 गुलफाम पुत्र झुर्रू निवासी फकीराबाद थाना सराय अकिल को अम्बारी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त न्यायालय भेजा हैं।

### स्वदेशी मेला का आयोजन, 09 अक्टूबर से

कौशाम्बी। जिले में दिनांक 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर,2025 तक यू.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत स्वदेशी मेला का आयोजन डायट मैदान मंझनपुर में किया जा रहा है। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार ने अवगत कराया है कि दीपावली पर लोगो को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदरी का प्लेटफार्म मिल सकें, इसके लिए स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में हस्तशिल्पी,कारीगर,उद्यमी व कारोबारी अपने उत्पाद/वस्तुओं के साथ प्रतिभाग करेगें। उन्होंने जनपद ?वासियों से इस मेले में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06.10.2025 को गस्त चेकिंग के दौरान अरविन्द कुमार उर्फ लाला पुत्र ललित मोहन पाण्डेय निवासी जयन्तीपुर थाना सराय अकिल को ग्राम जयन्तीपुर में रामसजीवन डिग्री कालेज के पास से 01 अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना मु0अ0सं0 265/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

### 04 वारण्टी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहें। अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 93/2020 धारा 147/323/325/504/506 भादवि से सम्बन्धित 04 वारण्टी अभियुक्त शिवलाल पुत्र पितई वा बड़कू पुत्र लोटन वा भानमती पत्नी रामचन्द्र वा विमला देवी पत्नी जानसेन निवासीगण हर्रायपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

# बाल्मीकि जयंती में कहीं भी नहीं हुआ वाल्मीकि कृत रामायण का पाठ

**महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में भजन रामचरित मानस पाठ का आयोजन**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर योगी सरकार ने निर्देश दिया था कि मंदिरों में अखंड रामायण का पाठ कराया जाएगा लेकिन जिले के किसी भी मंदिर में वाल्मीकि जी के अखंड रामायण का पाठ सरकार द्वारा नहीं कराया गया है कुछ मंदिरों में रामचरितमानस का 1 घंटे का सुंदरकांड का पाठ कराया गया है बाल्मीकि जयंती पर अखंड रामायण का पाठ कराए जाने के सरकार के निर्देश के बाद भी सरकार की अवहेलना अधिकारियों ने खुले आम की है केवल मंदिरों में 1 घंटे का सुंदरकांड का पाठ आयोजित कर फोटो खींचकर सरकार को भेजने तक पूरा दिमाग अधिकारियों का लगा रहा है कहीं भी वाल्मीकि जी की रामायण का पाठ पूरे कौशांबी जिले में प्रशासन द्वारा आयोजित नहीं किया गया है ग्राम सयारा मीठेपुर में स्थित राम जानकी मंदिर में भजन किया गया। इसी प्रकार महमुदुर में स्थित राम जानकी मन्दिर में भजन व ग्राम पंचायत हिंनौता मे स्थित बजरंगबली मंदिर मे रामचरित मानस पाठ एवं ग्राम पंचायत अढोली में आनन्दी माता मन्दिर में रामायण पाठ किया गया। जनपद के अन्य मंदिरों में भी भजन, अखण्ड रामायण पाठ व रामचरित मानस पाठ किया गया।

## 6 उप निरीक्षकों समेत तमाम पुलिस कर्मियों के हुए स्थानांतरण

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कौशाम्बी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। इस फेरबदल में आधा दर्जन उपनिरीक्षक और 01 दर्जन से अधिक आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसके अलावा, 08 सिपाहियों को शिकायतों के मद्देनजर लाइन हाजिर कर दिया गया है।कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए तबादला किया गया है एसपी राजेश कुमार का उद्देश्य कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना है।तत्काल प्रभाव से आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है एसपी के आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।इस फेरबदल से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है 6 उप निरीक्षक संदीपन घाट थाना से मुस्तफा खान को सराय अकिल थाना वा सराय अकिल थाना से इबरार खान को संदीपन घाट वा सैनी कोतवाली से अजीत कुमार उपाध्यक्ष को एएचटीयू पुलिस कार्यालय वा पश्चिम शरीरा थाना से रणविजय सिंह वा वीरेंद्र सिंह को सैनी कोतवाली वा अनिल कुमार सिंह को पुलिस लाइन से थाना महेवा घाट भेजने के निर्देश दिए गए हैं इसी के साथ 29 अन्य पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है जिसमें मुख्य आरक्षी महिला आरक्षी और आरक्षी शामिल है।

# गुजरात पुलिस ने डेढ़ावल गांव में आरोपी के घर चस्पा किया उद्घोषणा का नोटिस

अखंड भारत संदेश

**गुजरात से नाबालिग बालिका को भागने और उसके साथ रेप करने के आरोप में अभियुक्त है युवक**



**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र का एक युवक गुजरात से नाबालिग बालिका को भागने और उसके साथ रेप करने के आरोप में गुजरात में अभियुक्त है आरोपी के घर कौशांबी जिले के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को गुजरात की पुलिस पहुंची है और धारा 82 के तहत उदघोषणा की नोटिस उसके घर में चस्पा कर अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया है यदि इस नोटिस पर अदालत अभियुक्त में हाजिर नहीं हुआ तो उसका घर कुर्क करने का निर्देश अदालत दे सकती है। गुजरात राज्य की भानवड़ थाना पुलिस मंगलवार को पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव पहुंची, जहां आईपीसी की धारा 363, 366, 376 एवं पास्को एक्ट की धारा 4/12 के तहत वांछित आरोपी निरंजन भाई पुत्र रोहित भाई के घर पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उद्घोषणा की नोटिस चस्पा किया गया।जानकारी के अनुसार, स्पेशल कोर्ट पास्को अपर सेशन कोर्ट देवभूमि द्वारका (खांभालिया) के स्पेशल जज एस. जी. मंसूरी द्वारा आरोपी के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। लेकिन आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुआ अदालत के आदेश पर भानवड़ थाना पुलिस की टीम हेड कांस्टेबल जेसाभाई बेरा के नेतृत्व में मंगलवार को गांव पहुंची और आरोपी के घर पर उद्घोषणा की नोटिस चस्पा कर उसे तत्काल अदालत में हाजिर होने का निर्देश दिया।गुजरात पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसके चलते अदालत ने उद्घोषणा की कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

# दुर्गा भाभी के नाम पर वोट की राजनीति करने वाले भूल गए उनका जन्मदिन मनाना

**अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली दुर्गा भाभी को भूलता जा रहा जनपद अव्यवस्था का शिकार होता जा रहा उनके नाम का बना स्मारक**



क्रान्तिकारी दुर्गा भाभी



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** अंग्रेजी सल्तनत के समय अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली दुगार्भाभी को उनके जन्मदिन को जनपद भूलता जा रहा है। 7 अक्टूबर 1907 को सिराथू तहसील के शहजादपुर गांव के पंडित बांके बिहारी भट्ट के यहां एक पुत्री का जन्म हुआ जिसका नाम सभी ने प्यार से दुर्गा देवी रखा। बताया जा रहा है कि 12 साल की अल्पायु में ही उनकी शादी लाहौर के रहने वाले हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोशिएशन के सदस्य भगवती चरण वोहरा के साथ कर दी गई। पति के क्रांतिकारी सदस्य होने पर दुर्गा देवी भी उनके कदम से कदम मिलाकर चलने लगी। क्रांतिकारियों में सबसे बड़े होने कारण सभी उन्हें दुर्गा भाभी कहने लगे तभी से इनका नाम दुर्गा भाभी पड़ गया। 28 मई 1930 को रावी नदी के तट पर बम परीक्षण के समय उनके पति की मृत्य हो गई। पति के मृत्यु के बाद दुर्गा भाभी खुलकर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध ललकारने लगी। और देश को आजाद कराने वाले क्रांतिकारियों का सहयोग करने लगी चाहे लार्ड हैली पर हमला करना रहा हो यह भगत सिंह को अंग्रेजों से बचकर निकालने का मामला रहा हो। क्रांतिकारियों तक बम और बारूद पहुंचना उनका मुख्य उद्देश्य बन गया था। दुर्गा भाभी के भारत आजादी में सक्रियता से अंग्रेज परेशान हो गए। उन पर इनाम भी घोषित कर दिया। लेकिन एक एक क्रांतिकारी साथियों के मौत हो जाने के बाद जब वह अकेली पड़ गई तो अंग्रेजों ने उन्हें जेल में डाल दिया। उसके बाद उन्होंने 1939 में लखनऊ में बच्चों को पढ़ाने के लिए मांटेसरी स्कूल की स्थापना की और गुमनामी की जिंदगी जीने लगी। 15 अक्टूबर 1999 को 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। जिस आयरन लेडी दुर्गा भाभी ने अंग्रेजों के नाक में दम कर रखा था। जनपद में उनके जन्मदिन पर कोई कार्यक्रम नहीं होता है। शहजादपुर में रहने वाले उनके भतीजे उदयशंकर भट्ट ही अपने घर में परिजन सहित मनाते है। दुर्गा भाभी के नाम पर उनका स्मारक बनाया गया लेकिन रखरखाव के अभाव के कारण वह भी अव्यवस्था का शिकार हो गया। दुर्गा भाभी के भतीजे बताते है कि बुआ के नाम पर स्मारक जरूर बनवाया गया है लेकिन उसकी देखरेख नहीं होती है। गेट खुला रहता है जिसके कारण तमाम अराजकतत्व घुस जाते है और तोड़फोड़ करते है। स्मारक की चाभी ग्राम प्रधान के पास रहती है। दरवाजे की स्थिति खराब हो चुकी है। इस कारण स्मारक में लगी उनकी फोटो आदि भी चोरी हो जाने का भय सता रहा है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को इसकी देखरेख की व्यवस्था करनी चाहिए।

## वारण्टी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 217/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कोखराज से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त भइयन पुत्र अमृतलाल निवासी मुजाहिदपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

## वारण्टी अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 504/2017 धारा 138 बी थाना सैनी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त शिवा जी पुत्र राममिलन निवासी धतई का पुरवा मजरा कोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

# ताड़का बध, अहिल्या उद्धार व फुलवारी लीला देख मंत्र मुग्ध हुए दर्शक



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में प्रायोजित रामलीला के दूसरे दिन सोमवार की रात्रि को मुनि आगमन, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार पुष्प वाटिका, फुलवारी लीला का रामलीला कलाकारों द्वारा भावपूर्ण मंचन किया गया। कथानक के अनुसार श्री राम जन्म से आगे दिखाया गया गुरु वशिष्ठ की ओर से चारों पुत्रों का नामकरण राम ,लक्ष्मण ,भरत शत्रुघ्न के रूप में किया जाता है उधर विश्वामित्र यज्ञ करते हैं जहां मारीच और सुबाहु उनका यज्ञ नष्ट कर देते हैं।विश्वामित्र भगवान विष्णु के अवतार श्री राम को दशरथ के यहां से मांगने पहुंचते हैं राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते हैं राजा दशरथ इनकार करते हैं लेकिन बाद में गुरु वशिष्ट के कहने पर राम और लक्ष्मण को उन्हें सौंप देते हैं राम लक्ष्मण तारक वन में पहुंचकर राक्षसी ताड़का का वध करते हैं विश्वामित्र राम लक्ष्मण को लेकर अपने आश्रम में पहुंचते हैं तब तक मारीच और सुबाहु अपनी सेना लेकर पहुंच जाते हैं राम और लक्ष्मण सभी राक्षसों का वध कर देते हैं मारीच को बिना नोंक वाले बाण मारकर सुदूर लंका भेज देते हैं ऋषि विश्वामित का यज्ञ संपन्न हो जाता है। उधर मिथिला नगर में सीता स्वयंबर की बात हो रही होती है राजा जनक एक ब्राह्मण से विश्वामित्र के पास बुलावा पत्र भेजते हैं विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुर की ओर चल देते हैं रास्ते में पत्थर की शिला मिलती है रामचंद्र उसके विषय में पूछते हैं तब विश्वामित्र बताते हैं यह गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या है जो कि पति के शाप से पत्थर हो गई है इस शिला पर अपना चरण लगा दीजिए जैसे ही रामचंद्र चरण स्पर्श करते हैं यह पत्थर की शिला नारी बन जाती है और भगवान का गुण गाते हुए अपने सन्मार्ग की ओर प्रस्थान करती है । विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण जनकपुर पहुंचते हैं मुनि विश्वामित्र की आज्ञा लेकर भगवान राम और लक्ष्मण मिथिला नगर में भ्रमण करने निकलते हैं अटारी पर बैठी अष्ट सखियां उनके रूप को निहार कर उनके मनोहर रूप की शोभा का एक दूसरे से बखान करती हैं, श्री राम लक्ष्मण गुरु जी के पूजा के लिए पुष्प चुनने लगते हैं वही जानकी अपनी माता सुनैना से आज्ञा लेकर गौरी पूजन के लिए आती है लक्ष्मण अपने भ्राता श्री राम को बताते हैं यही जनक नंदिनी है जानकी जी श्री राम के दर्शन कर नेत्र बंद कर लेती हैं ऐसे भावपूर्ण मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हुए । राम का किरदार अभिषेक तिवारी, लक्ष्मण का किरदार अमन तिवारी ने किया है इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा, मंजू केशरवानी, विपिन मोदनवाल,गुड्डू दराना ,मंगल केसरवानी, आशीष मोदनवाल, गुलाबचंद मौर्य व तमाम महिला पुरुष बच्चे एवं क्षेत्रीय दर्शक मौजूद रहे हैं।

# पुलिस चौकी टेढ़ीमोड़ क्षेत्र में संगठित अपराध से जुड़े लोगों का बोलबाला

**आबकारी विभाग और वन विभाग भी संगठित अपराध के धंधेबाजों पर नहीं कर रहे करवाई**

**टेढीमोड कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ पुलिस चौकी अंतर्गत तमाम गांव में संगठित अपराध के धंधेबाजों का बोलबाला है चौकी पुलिस संगठित अपराध में लिप्त लोगों के धंधों को बंद करने में कामयाब होती नहीं दिख रही है इलाके के टेगाई,कल्याणपुर, तरसौरा गांव में खुलेआम गांजा बिक रहा है लेकिन पुलिस अनजान है आबकारी अधिकारी भी अनजान बनने की कोशिश कर रहे हैं शाहजदपुर सुजातपुर बमरौली, टेगाई, भादवा, हसनपुर आदि गांव क्षेत्र में खुलेआम शराब की भट्ठियां धधक रही है शराब की बिक्री हो रही है आबकारी विभाग भी शराब की भट्ठी के संचालन और शराब बिक्री पर रोक लगाती नहीं दिख रही है चौकी पुलिस भी रोक नहीं लगा पा रही है शाहजदपुर तरसोरा अहिंरारा हिसामपुर परसखी आदि गांव में खुलेआम जेसीबी मशीन से सरकारी जमीनों से मिट्टी का खनन हो रहा है राजस्व विभाग भी लापरवाह बना हुआ है और चौकी पुलिस भी सरकारी भूमि के मिट्टी खुदाई पर कार्रवाई नहीं कर रही है बताया जाता है कि 2000 प्रति रात का जेसीबी मशीन संचालक से चौकी पुलिस वसूल नहीं है इलाके के पल्टीपुर शहजादपुर तरसौरा हिसामपुर परसखी आदि गांव में हरे फलदार पेड़ काटने वाले लकड़ी माफिया सक्रिय है इलाके में प्रतिदिन हरे फलदार पेड़ काटे जा रहे हैं और पेड़ काटने के बदले में लकड़ी माफिया चौकी पुलिस तक रकम पहुंचा रहे हैं वन विभाग के अधिकारी भी हरे पेड़ के कटान को नहीं रोक पा रहे हैं बताया जाता है कि हरे पेड़ के कटान में लगे लकड़ी माफिया वन विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में फल फूल रहे हैं जिससे हरे पेड़ की कटान नहीं रुक रही है जबकि संगठित अपराध पर रोक लगाने का निर्देश लगातार पुलिस अधिकारी दे रहे हैं लेकिन पुलिस अधिकारी का निर्देश चौकी पुलिस पर लागू होता नहीं दिख रहा है।

## कारागार में निरूद्ध महिलाओं को दी गई निःशुल्क विधिक सहायता

**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 अंतर्गत जनपद कौशांबी जिले के जिला कारागार में निरूद्ध महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी गई। जिला कारागार में 21 महिला अंडर ट्रायल व 6 महिला सजायाफ्ता हैं, जिनमे निरूद्ध 10 महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कर उन्हें सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराया गया है। अन्य महिला ने जमानत के लिए जमानतदार उपलब्ध न हो पाने की समस्या बताई, टीम द्वारा विधिक सहायता उपलब्ध कराए जाने के लिए पहल की गई । इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा एसडीएम मंझनपुर एस. पी. वर्मा, सीओ मंझनपुर शिवांक सिंह, सीओ कौशाम्बी जे .पी. पांडेय, मुख्य सलाहकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित कुमार मिश्रा, सहायक सलाहकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकित, संरक्षण अधिकारी अजीत कुमार, महिला काउंसलर श्रीमती मालती देवी व जेल प्रशासन के जेल अधीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कौशांबी के अधिकारी और ठेकेदार नहीं मानते हैं योगी का आदेश

अखंड भारत संदेश

**सरकार की घोषणा के बावजूद सार्वजनिक छुट्टी पर भी ठेकेदारों ने मजदूरों को नहीं दी छुट्टी**




**कौशांबी।** जिले में अधिकारी इस कदर बेलगाम हो गए हैं कि अब वह योगी सरकार के आदेश निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं विभिन्न विभागों के अधिकारियों के चलते ठेकेदार भी अब सरकार के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं 5

आदेश केवल कंप्यूटर फाइल में है क्योंकि सरकार द्वारा दशहरा गांधी जयंती बाल्मीकि जयंती सहित विभिन्न सार्वजनिक अवकाशों पर मजदूरों को छुट्टी दिए जाने के आदेश के बावजूद सड़क निर्माण में लगे ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को छुट्टी न दिए जाने से जुड़ा हुआ है सार्वजनिक छुट्टी के दिन भी ठेकेदार मजदूरों को छुट्टी नहीं देते हैं उनसे काम कराया जाता है और यह सब कुछ संबंधित विभाग के अधिकारी तमाशबीन बन कर देखते रहते हैं। राम वन गमन मार्ग में काम करने वाले मजदूरों को दशहरा और गांधी जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी के बाद भी ठेकेदार ने छुट्टी नहीं दी थी बाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा के बाद भी ठेकेदार ने मजदूरों को छुट्टी नहीं दी है ओसा से महेवा घाट रोड पर जगह जगह मजदूर सड़क निर्माण कर रहे हैं छुट्टी के दिन मजदूरों का शोषण कर जिले में खुलेआम कानून का उल्लंघन किया जा रहा है और कानून के उल्लंघन पर अधिकारी तमाशा देख रहे हैं बेलगाम ठेकेदारों के कारनामे से मजदूर और उनके परिवार परेशान हो गए हैं श्रम विभाग के अधिकारी भी उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं दशहरा गांधी जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा के बाद किस तरह से सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार बेलगांम है मजदूरों को छुट्टी नहीं दी गई बाल्मीकि जयंती पर भी छुट्टी की घोषणा के बाद मजदूरों को छुट्टी नहीं दी गई है आखिर मजदूरों का शोषण करने के बाद श्रम विभाग के अधिकारी क्यों ठेकेदारों के घुटनों पर पड़े दिखाई पड़ रहे हैं सड़क बनाने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके इन पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है उनके श्रम पंजीकरण निरस्त करके इनका ठेका क्यों नहीं निरस्त किया जा रहा है आखिर क्यों गिफ्ट लेने तक श्रम विभाग के अधिकारी सीमित है बाल्मीकि जयंती पर भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा किए जाने के बाद भी सड़क पर काम करने वाले मजदूरों को ठेकेदारों ने छुट्टी नहीं दी है उन्हें बाल्मीकि जयंती मनाने का मौका नहीं दिया है ठेकेदारों के दबाव के चलते श्रमिकों के हित को श्रम विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं रख पा रहे हैं या फिर डिब्बे के अंदर मिलने वाले गिफ्ट के दबाव में श्रम विभाग के अधिकारी मजबूर दिखाई पड़ रहे हैं बिना हेलमेट लगाए ठेकेदार मजदूरों से राम वन गमन मार्ग में काम ले रहे हैं जो मजदूरों के स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा है बिना हेलमेट और सुरक्षा संसाधनों के मजदूरों से ठेकेदार राम वन गमन मार्ग सड़क निर्माण में काम करवा रहे हैं और संबंधित विभाग के अधिकारी नियमों का पालन करने के लिए ठेकेदार पर दबाव नहीं बना पा रहे हैं जिससे समझा जा सकता है कि ठेकेदार कितने प्रभावशाली है कि अधिकारी उनके घुटनों पर पड़े हैं।

# 2015 की तरह इस बार भी बिहार में आरक्षण सबसे बड़ा मुद्दा

## सम्पादकीय

### मुख्य न्यायाधीश पर हमला, संयोग या प्रयोग

**सोमवार** को सर्वोच्च न्यायालय के भीतर एक ऐसी घटना हुई, जिसकी कल्पना भी कभी नहीं की गई होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर एक वकील ने जूता उछालने की कोशिश की। यह घटना उस वक्त हुई जब जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली बेंच वकीलों के मामलों की सुनवाई के लिए मेंशन सुन रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील राकेश किशोर जज के डाइस के करीब पहुंचा और जूता उतारकर फेंकने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे रोक लिया। सुरक्षाकर्मी जब आरोपी वकील को पकड़कर बाहर ले जा रहे थे, तब वह 'सनातन का अपमान नहीं सहेंगे' का नारा लगा रहा था। उसके नारे से सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि वह कट्टर दक्षिणपंथी मानसिकता का है, जिसके लिए संविधान मायने नहीं रखता, बल्कि धर्मांधता को वह तरजीह देता है। अब इस मामले की पूरी जांच होगी, तब पता चलेगा कि मुख्य न्यायाधीश गवई पर जूता उछालने का दुस्साहस आखिर उसने क्यों किया। हो सकता है 16 सितंबर को खजुराहो मामले में दिए फैसले से आरोपी नाराज हो, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को दोबारा स्थापित करने की याचिका को खारिज कर दिया था। तब भी कुछ वकीलों ने इस फैसले पर नाराजगी जताई थी या फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में जस्टिस गवई की मां ने जाने से इंकार कर दिया, इस बात से आरोपी नाराज हो। कारण जो भी यह घटना आजाद भारत के इतिहास में एक बड़ा कलंक बन गई है और इसका जिम्मेदार सीधे-सीधे नरेन्द्र मोदी की सरकार को कहा जा सकता है।

भाजपा पहले भी केंद्र की सत्ता में रही है, और हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाने का काम उसने पहले भी किया है। बाबरी मस्जिद को तोड़ना, गुजरात दंगे इसके उदाहरण हैं। लेकिन समाज में नफरत के इजहार को लेकर एक झिझक और संकोच था। सहिष्णुता का एक महीन सा आवरण समाज पर डला हुआ था, जो अब पूरी तरह तार-तार हो चुका है। नफरत करना और उतनी ही बेशर्मी से उसका इजहार करना अब गर्व की बात हो चुकी है। संघ से प्रेरित लोग काफी अरसे से नारा देते आए हैं कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं। पहले इस नारे को लगाने में लोग हिचकते थे। मगर अब मोदी सरकार में पूरा माहौल बदल चुका है। राहुल गांधी ने नफरत का कैरोसिन पूरे देश में छिड़के जाने का जो दावा किया था, वह सही दिखाई दे रहा है। देश में जातिवादी और धार्मिक आधार पर हिंसा अब भयावह रूप में सामने आ रही है। जस्टिस गवई पर हमला केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, न ही यह क्षणिक भावावेश में की गई हरकत है। बल्कि यह कई बरसों से समाज में भरी जा रही नफरत का निचोड़ है। याद रहे कि जस्टिस गवई दलित समुदाय से आने वाले दूसरे मुख्य न्यायाधीश बने हैं, लेकिन बौद्ध धर्म को मानने वाले वे पहले मुख्य न्यायाधीश हैं। हालांकि संविधान के हिसाब से न्याय की आसंदी पर बैठे व्यक्ति की धार्मिक आस्था मायने नहीं रखती है। लेकिन जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ राम मंदिर के लिए दिए फैसले से पहले देवी के सामने बैठने की बात कहते हैं।

**शकील अख्तर**

**बिहार** चुनाव की घोषणा होने वाली है। वहां यह मुद्दा सबसे बड़ा बनने जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी शुरूआत हो गई है। और बीजेपी ने सोशल मीडिया और गोदी मीडिया दोनों को इतना ताकतवर बना दिया है कि देश का अजेंडा अब वही तय करते हैं। और इस बार यह अजेंडा आरक्षण बन गया है। क्या होगा इसका असर? बीजेपी का असली मुद्दा यही है। क्या बिहार चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण बनने जा रहा है? लगता यही है

और इसमें सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह बिहार के किसी नेता की वजह से नहीं, दूर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की वजह से बना है। सोशल मीडिया में जो बीजेपी को सबसे ज्यादा फायदा देने वाला मंच है वहां बीजेपी के लोगों के बीच ही मोहन यादव घिर गए हैं।

मोहन यादव को वह सब गाली दी जा रही हैं जो बीजेपी के भक्त, ट्रोल कांग्रेस को और दूसरे लोगों को देते रहते हैं। उनसे इस्तीफा मांगा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी से कहा जा रहा है उन्हें बर्खास्त कर दो। मोहन यादव का कसूर क्या है? आज की बीजेपी में यही मालूम नहीं पड़ता है। जगदीप धनखड़ का गुनाह क्या था? किसी को नहीं मालूम। खुद शायद धनखड़ को भी नहीं। इसी तरह सोनम वांगचुक अचानक देशद्रोही कैसे हो गए? वे भी मोदी मोदी करने में अव्वल थे। मगर आज राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) में अंदर हैं।

मोहन यादव को अचानक मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया था। उन शिवराज सिंह चौहान को हटाकर जिन्होंने मध्यप्रदेश में बीजेपी की 5 बार सरकार बनवाई। मगर अब मोहन यादव को ही सबसे बड़े खलनायक बनाया जा रहा है। उन्होंने क्या किया? किया कुछ नहीं। केवल एक सर्वदलीय बैठक में कहा कि मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। जो अभी 14 प्रतिशत है। इसके लिए उसने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा पेश किया है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में 8 अक्टूबर से रोज सुनवाई करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में मध्य प्रदेश सरकार ने बताया कि राज्य में 51 प्रतिशत से अधिक ओबीसी हैं। बाकी वंचित समुदाय में 15. 6 प्रतिशत अनुसूचित जाति (एससी) और 21. 1 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति (एसटी) है। सब मिलाकर वंचित समूह 87 प्रतिशत से अधिक होता है। इसलिए जनसंख्या के लिहाज से और सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन को देखते हुए आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए। संक्षेप में कुल मामला यह है। लेकिन चूंकि मोहन यादव खुद पिछड़े वर्ग से आते हैं इसलिए बीजेपी के अंदर उनको लेकर विरोध शुरू हो गया है। बीजेपी के बनाए हुए सोशल मीडिया के ट्रोल अब मोहन यादव के पीछे ही पड़ गए हैं।

लेकिन यहां भी बीजेपी के फैलाए नफरत और विभाजन का असर दिखने लगा है। जो सवर्ण ट्रोल हैं या भक्त हैं। वे मोहन यादव को हर वह गाली दे रहे हैं जो उन्हें कांग्रेस, मुसलमान, अखिलेश, तेजस्वी, लालू को देने के लिए सिखाई गई थी। जाहिर है जो पिछड़े इतने दिनों से बीजेपी की सेवा में लगे थे वे एक तो आरक्षण का विरोध और फिर जातिगत आधार पर गाली देने से विचलित हो गए।

हिन्दू एकता के नाम पर उन्हें दूसरों को गाली देने के लिए इकठ्ठा किया गया था। मगर अब उन्हें हिन्दू नहीं जातिगत आधार पर छोटा दिखाकर बुरा-भला कहा जा रहा है साथ ही बीजेपी को धमकी दी जा रही है कि अगर उसने मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद से नहीं हटाया तो उसे बिहार में हरवा दिया जाएगा। कह तो मोहन यादव को भस्मासुर रहे हैं। मगर ट्रोल या कहें बड़े वाले ट्रोल खुद अपने




आपको इतना ताकतवर समझ रहे हैं कि वे चुनाव हरवा सकते हैं। हो सकता है सही भी हो। क्योंकि मोदी को 11 साल सत्ता में बनाए रखने में इनका बड़ा योगदान है। मोदी के पक्ष में और राहुल के खिलाफ नरेटिव (धारणाएं) बनाने में ट्रोलों और भक्तों का सबसे ज्यादा यूज किया गया है। अब तो जब यह आपस में जातिगत आधार पर लड़ रहे हैं जो यह कहा जाता है कि गंदे लोगों की आपस में लड़ाई में कुछ छूटता नहीं तो यह एक दूसरे का बता रहे हैं कि आईटी सेल और फलाने नेता से किसको कितना मिलता है। वह जब कहा जाता था कि एक ट्वीट के दो रुपए मिलते हैं तो सही बताएं हमें यकीन नहीं आता था। मगर अब तो आपस में एक दूसरे को नंगा किया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि झूठी खबरें चलाने पर जब किसी पर मामला दर्ज हुआ तो वह किस तरह डर गया था।

कहने को यह ट्रोल कहते हैं कि हम नहीं डरते। मगर अब जब सब एक दूसरे की हकीकत बता रहे हैं तो मालूम पड़ता है कि कानून से सब डरते हैं। सोशल मीडिया पर जब भी ट्रोल गालियां दें, झूठ फैलाएं, चरित्र हनन करें तो इनके खिलाफ एफआईआर लिखवाना चाहिए। कांग्रेस को यह बात ज्यादा ध्यान रखना चाहिए कि उसके शासित प्रदेशों कर्नाटक, तेलंगाना में जब इनके खिलाफ पुलिस रिपोर्टें हुईं तो यह सब से ज्यादा डरे, रोए। और अधिकांश मामलों में जिनके लिए काम करते थे, माहौल बनाते थे वे मदद करने नहीं आए। घर परिवार व्यक्तिगत दोस्तों की वजह से ही बचे। इस सारे प्रकरण से एक बात और साफ हो गई। जिस मुस्लिम के नाम पर यह दलित पिछड़ों को जोड़ते थे वह असली दुश्मन नहीं है। न ही कांग्रेस है। मोहन यादव हटाओ अभियान में साफ लिख रहे हैं कि चाहे कांग्रेस आ जाए, मुस्लिम मुख्यमंत्री बन जाए मगर यादव को हटाकर रहेंगे। वास्तव में मनुवाद का असली निशाना दलित और पिछड़े ही हैं। मगर उनका वोट चाहिए और तादाद में ज्यादा है जैसा मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के दिए अपने शपथ पत्र में कहा कि 87 प्रतिशत से ज्यादा तो इन्हें मुसलमान का झूठा डर दिखाकर साथ लिया जाता है। लेकिन अब मुसलमान बीच में कहीं नहीं है। पहले भी नहीं था। सिर्फ एक काल्पनिक शत्रु बनाकर बीजेपी हिन्दुओं को डराती है। मगर अब जब ओबीसी को हक देने का सवाल आया तो बताया जाने लगा कि हमारी नौकरी, उच्च शिक्षा में सीटें मुस्लिम ने नहीं ली हैं, दलित ने ली हैं और अब पिछड़े अपना आरक्षण 14 से 27 प्रतिशत बढ़वाकर लेने वाले हैं। बिहार चुनाव की घोषणा होने वाली है। वहां यह मुद्दा सबसे बड़ा बनने जा रहा है। सोशल मीडिया पर इसकी शुरूआत हो गई है। और बीजेपी ने सोशल मीडिया और गोदी मीडिया दोनों को इतना ताकतवर बना दिया है कि देश का अजेंडा अब वही तय करते हैं। और इस बार यह अजेंडा आरक्षण बन गया है। क्या होगा इसका असर? बीजेपी का असली मुद्दा यही है। 2014 लोकसभा चुनाव के पहले बीजेपी नेताओं ने खुलकर 400 से ऊपर सीटें मांगी थीं। खुद प्रधानमंत्री ने कहा था 400 पार। बीजेपी के नेताओं ने कहा था संविधान बदलने के लिए इतनी सीटें दो तिहाई चाहिए। अगर मिल गई होतीं तो आरक्षण खतम हो गया होता। 2014 में बीजेपी की जीत के बाद भी भाजपा और संघ इसी एक सूत्रीय कार्यक्रम पर शुरू हो गए थे। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बिहार के विधानसभा चुनाव 2015 में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आरक्षण की समीक्षा की बात कही थी। मगर परिणाम उल्टा निकला। भाजपा हार गई।

इस बार 2025 में संघ और भाजपा खुद न कहकर अपने सोशल मीडिया ट्रोलों से कहलवा रहे हैं। क्या होगा परिणाम? देखना दिलचस्प होगा। अगर आरक्षण का मुद्दा केन्द्र में आ गया जिसकी पूरी संभावना है क्योंकि 8 अक्टूबर से इस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो रही है तो पूरा चुनाव आरक्षण समर्थक और आरक्षण के विरोध में हो जाएगा। बीजेपी को शायद ही यह सूट करे। उसे 2015 की याद आ जाएगी। जब आरक्षण के मुद्दे ने उसे हरा दिया था।

# अयोध्या और काशी पर बवाल भारत के लिए अशुभ

**पी. सुधीर**

**न्यायिक** निर्णय, खासकर उच्च न्यायपालिका के, सूक्ष्म बारीकियों के साथ गढ़े जाते हैं ताकि 'धुएं के परदे' की तरह काम करने वाले खुरदुरे पहलुओं को छिपाया जा सके। जब तक लेखक स्वेच्छा से उनका खुलासा नहीं करते, तब तक वे कभी ज्ञात नहीं होंगे, समझे जाने की तो बात ही छोड़ दें। अयोध्या फैसले के सटीक पाठ को देखते हुए, यह विशेष रूप से सच है। यह विचित्र बात है कि अयोध्या और काशी मुद्दे फिर से उलझने लगे हैं। सर्वोच्च न्यायपालिका के आदेशों के कारण ये प्रश्न काफी समय से अधर में लटके रहे। कई लोगों के लिए, अयोध्या का फैसला एक पहेली था, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने जो आदेश दिया था उससे वास्तव में बाबरी मस्जिद को आपराधिक रूप से ध्वस्त करने वालों को उसके स्वामित्व से पुरस्कृत किया जाना था और जिससे राम मंदिर के निर्माण में मदद मिलनी थी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का उद्घाटन करते हुए इस न्यायिक मान्यता को रेखांकित किया था। जाहिर है, इसके विपरीत, हमें स्पष्ट रूप से कहना था कि सर्वोच्च न्यायालय ने 'फैसला सुनाया है, न्याय नहीं'। लेकिन अब, पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने पूरे सवाल को फिर से खोल दिया है। न्यूजलॉन्ड्री के श्रीनिवासन जैन को 24 सितंबर को प्रकाशित एक साक्षात्कार में, चंद्रचूड़ ने कहा, 'पुरातात्विक उत्खनन से पर्याप्त साक्ष्य मिले थे। अब, पुरातात्विक



उत्खनन का साक्ष्य मूल्य क्या है, यह एक अलग मुद्दा है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि पुरातात्विक रिपोर्ट के रूप में साक्ष्य मौजूद हैं।' पूर्व मुख्य न्यायाधीश का विवादास्पद जवाब जैन द्वारा पूछे गए एक प्रश्न पर था: 'तर्क यह है कि (मस्जिद के) भीतरी प्रांगण पर विवाद हिंदुओं द्वारा अपवित्रीकरण और अशांति फैलाने जैसे अवैध कृत्यों का परिणाम था; यह तथ्य कि मुसलमानों ने बाहरी प्रांगण में ऐसा नहीं किया, उन्होंने इसका विरोध नहीं किया, तो यह उन्हें दंडित करने का लगभग आधार बन जाता है। यह तथ्य कि आपने विरोध नहीं किया, जबकि हिंदुओं ने किया, वास्तव में मुसलमानों के विरुद्ध है, वास्तव में निर्णय की एक आलोचनात्मक व्याख्या है।'

चंद्रचूड़ ने जवाब दिया, 'जब आपने कहा कि हिंदू ही भीतरी प्रांगण को अपवित्र कर रहे थे, तो अपवित्रता के मूल कृत्य- मस्जिद के निर्माण- के बारे में क्या? आप वह सब भूल गए जो हुआ था? हम भूल गए कि इतिहास में क्या हुआ था?' न्यायिक निर्णय, खासकर उच्च न्यायपालिका के, सूक्ष्म बारीकियों के साथ गढ़े जाते हैं ताकि 'धुएं के परदे' की तरह काम करने वाले खुरदुरे पहलुओं को छिपाया जा सके। जब तक लेखक स्वेच्छा से उनका खुलासा नहीं करते, तब तक वे कभी ज्ञात नहीं होंगे, समझे जाने की तो बात ही छोड़ दें। अयोध्या फैसले के सटीक पाठ को देखते हुए, यह विशेष रूप से सच है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने साक्षात्कार में जो कहा वह पुरातात्विक

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार

**- ललित गर्ग -**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है। भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं। संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा



क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा। विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की ह्यस्वदेशी अपनाओह्न और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की ह्यअंत्योदयह्न की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है। स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा। एक तो जब तक ऐसा हो न जाए तब तक चैन से नहीं बैठा जा सकता और दूसरे, यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलना छोड़ना नहीं चाहिए। व्यापारिक साझेदारों पर निर्भरता लाचारी में नहीं बदलनी चाहिए। वास्तव में इस स्थिति से बचने का ही उपाय है स्वदेशी उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करना। परंतु इस संदेश के साथ कई चुनौतियां और सीमाएं भी जुड़ी हुई हैं। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था इतनी आपस में गुँथी हुई है कि किसी भी देश का पूर्ण स्वावलंबन व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। अनेक तकनीकें और कच्चे माल अब भी हमें विदेशों से ही प्राप्त करने होते हैं। यदि स्वदेशी को बढ़ावा देने के नाम पर विदेशी व्यापार पर प्रतिबंध या अधिक शुल्क लगाए जाते हैं तो यह व्यापार युद्ध और आर्थिक तनाव को जन्म दे सकता है। इस संदेश की सफलता केवल भाषणों और भावनात्मक नारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रामायण पाठ, भजन व दीप प्रज्वलन के साथ मनाई गई श्रद्धा और भक्ति की अनोखी छटा

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर - शासन** द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकी जी की जयन्ती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, उनके उपदेशों और उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला गय। महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम मन्दिरो पर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि



उन्होंने समाज को सत्य, धर्म, और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता के मूल्यों को अपने ग्रंथों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों/कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कविताएँ और विचार प्रस्तुत किए गए। इस अवसर जनपद के ब्लाक स्तरो एवं तहसील स्तरों में हनुमान मन्दिरो, राम जानकी मन्दिरो में कई आयोजन किये गए। कई श्रीराम, हनुमान जी के मंदिरों में दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ ही रामायण का पाठ शुरू किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में अनवरत रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिनके द्वारा रचित रामायण विश्व के आदि ग्रंथ के रूप में आज भी पूज्यनीय है, जो व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण में वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन का आधार है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार- प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि, श्री राम, हनुमान जी से संबंधित मंदिरों पर दीप प्रज्वलन, दीपदान के साथ साथ वाल्मीकि रामायण का पाठ कराया गया है। इसी क्रम में आज ग्राम हुसैनुपर सकरा में शिव मन्दिर, ब्लाक करण्डा के ग्राम पंचायत परमेठ में नवल नाथ मन्दिर, ग्राम लहना, विकास खण्ड मनिहारी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरहट में खण्ड विकास अधिकारी अरविन्द यादव जी के मार्गदर्शन माँ दुर्गा मन्दिर पर माँ शरदा इण्टर कालेज प्रांगण में रामायण पाठ का शुभारम्भ।

# रामनगर में खाद वितरण बना घोटाले का मैदान- किसानों की भूख पर खेल रही समितियाँ

- खाद वितरण में भाई-भतीजावाद का खेल
- समिति में ब्लैक, भ्रष्टाचार और बहानेबाजी
- सचिव की करतूत से मचा हाहाकार



खाद के लिए लाइन में खड़े किसान

**अखंड भारत संदेश**

**रामनगर/चित्रकूट।** सरकार के पर्याप्त खाद उपलब्ध होने के दावों की पोल अब खुलेआम खेतों से लेकर समितियों तक खुल चुकी है। रामनगर क्षेत्र की समितियों में किसान दिनभर खाद के लिए भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बीते दिनों रामनगर सोसाइटी में खाद वितरण के दौरान 20-20 बोरी खाद एक ही किसान को देने और एक विशेष गांव को तरजीह देने के आरोपों ने तहलका मचा दिया। स्थिति इतनी बिगड़ी कि रैपुरा पुलिस और एसडीएम मऊ को मौके पर पहुंचना पड़ा, जिन्होंने सख्त निर्देश दिए कि सभी किसानों को समान रूप से दो-दो बोरी खाद दी जाए।

इधर अमान साधन सहकारी समिति छीबों में भी घोटाले के सुर गूंज रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव रात में दुकानदारों को ओवररेट पर ट्रकभर खाद बेच देता है, जबकि आम किसान लाइन में लगकर भी तरसता रह जाता है। पियरियामाफी और छीबों गांव के किसानों ने खुलासा किया कि समिति का सदस्य बनकर 250 रुपये जमा कराने के बावजूद उन्हें प्राथमिकता नहीं दी जाती, बल्कि नए सदस्य बनाए जा रहे हैं ताकि ब्लैक वितरण को वैध ठहराया जा सके। ग्रामीणों का आरोप है कि जब खाद बच जाती है, तो सचिव पुलिस अभिरक्षा का बहाना बनाकर अगले दिन वितरण टाल देता है। मंगलवार की सुबह किसानों को बुलाया गया, लाइन लगवाई गई, फिर सचिव भाग निकला, यह कहकर कि विवाद हो जाएगा, कल पुलिस की मौजूदगी में खाद मिलेगी। किसानों का दर्द यही है कि जहां अन्य समितियों में खाद शांतिपूर्वक बंट रही है, वहीं अमान समिति भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। सचिव से पक्ष लेने के प्रयास किए गए, पर उन्होंने फोन तक रिसीव नहीं किया।

## भदेहदू में खाद वितरण में अधिकारियों की मनमानी व कालाबाजारी

**राजापुर/चित्रकूट।** भदेहदु राजापुर के ग्रामीणों ने एसडीएम राजापुर को प्रार्थना पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं कि समिति के कर्मचारी किसानों को सुबह 8 बजे बुलाते हैं, लेकिन खुद दोपहर 2 बजे पहुंचते हैं। यह सिलसिला लगातार 5 दिन से जारी है, जिससे किसान भारी परेशानी में हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ खास लोगों को 50-100 बोरी खाद अलग से दी जा रही है, जबकि आम किसान लाइन में घंटों खड़े रहते हैं। किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि डीएपी और यूरिया की काला बाजारी रोकी जाए और सभी किसानों को समान प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराई जाए। स्पष्ट किया कि समिति के कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और भविष्य में खाद वितरण पारदर्शी और नियम अनुसार कराया जाए, ताकि किसान शोषण और मनमानी से बच सकें।


सुबह से समति के बाहर अधिकारियों का इंतजार करते किसान

# गरीबों के मसीहा- अर्जुन-अरुण बघेल की दरियादिली ने जीते हजारों दिल, बघेल बंधु की मानवीय मिसाल

### जरूरतमंदों के जीवन में उजाला

**मानिकपुर/चित्रकूट।** गढ़चपा के अर्जुन सिंह बघेल और उनके छोटे भाई अरुण सिंह बघेल (मिंटू सिंह) आज क्षेत्र के लोगों के बीच गरीबों के मसीहा के रूप में उभर चुके हैं। इन दोनों भाइयों का एक ही मिशन है- हर जरूरतमंद की मदद, बिना दिखावे के, बिना विलंब के। हाल ही में एक गरीब पिता अपने बेटे की आंखों का इलाज कराने जानकीकुंड अस्पताल पहुंचा था, लेकिन इलाज के लिए पैसे नहीं थे। समाजसेवियों के दरवाजे खटखटाने के बाद जब सबने मुंह मोड़ लिया, तब अरुण सिंह बघेल ने तुरंत 20 हजार रुपये उस पिता के खाते में भेज दिए। इतना ही नहीं, गढ़चपा के ही राजबहादुर प्रजापति की बेटी जीतू बिरला अस्पताल सतना में भर्ती थी, जिसका ऑपरेशन कराने पैसे नहीं थे। जैसे ही बात अरुण सिंह तक पहुंची, उन्होंने पूरे इलाज का खर्च खुद उठाते हुए 50 हजार रुपये दे दिए। वहीं चुनाव के दौरान जब ग्रामीणों ने मंदिर पर नल की मांग की, तो अर्जुन सिंह ने बिना सोचे 1 लाख रुपये अपनी जेब से निकालकर कहा- काम शुरू करो, पानी हर घर तक पहुंचना चाहिए। महाकुंभ के दौरान भी इन दोनों भाइयों ने लाखों श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन कर मानवता की मिसाल पेश की। यही वजह है कि जनता उन्हें ठाकुर परिवार की शान और गरीबों का सच्चा मसीहा कहती है। अरुण सिंह बघेल का कहना है- सबसे बड़ी कमाई वही है, जब किसी की आंखों में हमारी वजह से उम्मीद की चमक लौटती है।

# हर घर स्वदेशी का बिगुल- चित्रकूट में भाजपा की संगोष्ठी से गूंजा विकसित भारत का संकल्प


जीएसटी बैठक संगोष्ठी में बोलते भाजपाई

- भाजपा ने दिया आत्मनिर्भरता का संदेश
- मंहगाई पर प्रहार, स्वदेशी को मिला विस्तार
- मोदी ने की राहत की बरसात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा चित्रकूट द्वारा जिला पंचायत सभागार में आयोजित हर घर स्वदेशी अभियान और जीएसटी राहत संगोष्ठी में सोमवार को देशभक्ति और आत्मनिर्भरता की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) व विषय वक्ता पुरुषोत्तम पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बांदा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मन्नू कोरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक प्रतिष्ठा के नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। जहएसटी में राहत से आम जनता को मंहगाई से निजात मिली है, वहीं स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से देश के श्रमिकों और कामगारों की आय बढ़ी है। वक्ता पुरुषोत्तम पांडे ने कहा कि जो देश कभी भूखमरी के कगार पर था, आज वही भारत सुई से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक बनाने की क्षमता रखता है। भाजपा अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी घटाने के निर्णय को जनहित का साहसिक कदम बताया। कार्यक्रम संयोजक चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि जीएसटी राहत और स्वदेशी अपनाओ को जन-जन तक पहुंचाना ही अब भाजपा का मिशन है। संगोष्ठी में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, चन्द्रप्रकाश खरे, लवकुश चतुर्वेदी, पंकज अग्रवाल, भागवत त्रिपाठी सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।


वाल्मीकि जयंती मनाते कांग्रेसी

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कांग्रेस ने दिया समानता व न्याय का संदेश

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय चित्रकूट में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भी बारी-बारी से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कुशल सिंह पटेल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि केवल रामायण के रचयिता ही नहीं, बल्कि समाज में समानता, न्याय और सत्य के मूल्यों के प्रथम प्रणेता थे। उनका जीवन सभी वर्गों के लिए प्रेरणा का दीपक है। जयंती कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव गुलाम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, जिला महासचिव विजय मणि त्रिपाठी, कार्यालय प्रभारी राजेश सिंह पटेल, प्रवक्ता चुनवाद प्रसाद, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष जहीर सिंह पटेल व रामकृपाल वर्मा, सोशल मीडिया इंचार्ज योगेंद्र रैकवार सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में समाज में समानता और भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया।

# मंडी की बदहाली पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा- प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- शानू गुप्ता के नेतृत्व में दिया आवेदन
- फल-सब्जी व्यापारियों की पुकार
- प्रभारी मंत्री ने दिलाया आश्वासन


प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते शानू गुप्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** फल-सब्जी मंडी की बदहाल स्थिति और व्यापारियों की रोजमर्रा की परेशानियों को लेकर अब धैर्य टूट चुका है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी एकजुट होकर जिले के प्रभारी मंत्री व श्रम मंत्री मनोहर लाल पंत मन्नू कोरी से मिले और मंडी की गंभीर समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि मंडी में गंदगी, जलभराव और व्यवस्थाओं के अभाव ने कारोबार ठप कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे। शानू गुप्ता ने मंत्री से मंडी की व्यवस्था सुधारने की ठोस पहल की मांग की, जिस पर मंत्री ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का निस्तारण जल्द कराया जाएगा। इस मौके पर विनोद केसरवानी, शकुंतला गुप्ता, संतोष गुप्ता, राकेश जयसवाल, रवि राज अग्रहरी, मोहम्मद रईस, गोरेलाल अग्रहरि, महेश गुप्ता, भोले गुप्ता, शम्भू गुप्ता और ईलू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। मंडी परिसर में यह आवाज अब प्रशासन के दरवाजे तक पहुँच चुकी है- व्यवस्था सुधरनी ही चाहिए।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज में उबाल- कर्मचारी संघ ने शुरू किया चरणबद्ध आंदोलन, 12 सूत्रीय मांगें

### ब्रजेश पाठक व परिवहन मंत्री से जुड़ी मांगे, निगम के खिलाफ धरना-प्रदर्शन का ऐलान, कर्मचारी संघ की निर्णायक लड़ाई

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ ने परिवहन निगम में कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण के लिए चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए जिले में सनसनी फैला दी है। पवनकुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ/निवर्तमान शाखा मंत्री रोडवेज कर्मचारी संघ बाँदा संघ के अनुसार, 6 से 7 अक्टूबर तक डिपो में जनजागरण अभियान चलाया गया, 9 अक्टूबर को सभी क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालयों पर धरना-ज्ञापन, और 16 अक्टूबर को निगम मुख्यालय लखनऊ में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह आंदोलन निजीकरण, संविदा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, मंहगाई भत्ते, बोनस, छठा-सातवां वेतनमान और अन्य 12 सूत्रीय मांगों के क्रियान्वयन में लगातार हो रही उपेक्षा के खिलाफ शुरू किया गया है। कर्मचारी संघ का आरोप है कि निगम द्वारा मुख्यमंत्री की पूर्व सहमति और कर्मचारियों के हित में हुए समझौते का पालन नहीं किया जा रहा, संविदा कर्मचारियों के वेतन में कटौती और अवैध प्राइवेट वाहनों के संचालन से निगम को भारी आर्थिक हानि हो रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इन मांगों को शीघ्र लागू नहीं किया, तो आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। प्रदेश भर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस आंदोलन में पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। संघ के नेताओं राकेश कुमार सिंह, सत्य नारायण यादव, चंद्रभान सिंह और अन्य ने यह स्पष्ट किया कि कर्मचारियों का हक कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता और इस संघर्ष का लक्ष्य निगम में पारदर्शिता, न्याय और सम्मान स्थापित करना है।

# सोनेलाल पटेल की विचारधारा पर संगठित हुआ चित्रकूट, पंचायत विजय का संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कार्यालय चित्रकूट में सोमवार को आयोजित मासिक बैठक में उत्साह और संगठनिक रणनीति का नया अध्याय लिखा गया। बैठक की शुरूआत महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को नमन करने के साथ हुई। स्व सोनेलाल पटेल की विचारधारा को केंद्र में रखते हुए सभी पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि आगामी पंचायत चुनाव में पार्टी पूरे दमखम से मैदान में उतरेगी। बैठक के मुख्य अतिथि नाथूराम पटेल रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल ने की और संचालन फूल सिंह ने किया। वक्ताओं ने बूथ स्तर से लेकर जिला पंचायत वार्डों तक संगठन विस्तार की योजना पर जोर दिया और आरक्षण के अनुरूप प्रत्याशी चयन की रणनीति तय की। सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के मिशन हर झोपड़ी, हर खोपड़ी नीला-केसरिया झंडा को मूर्त रूप देने का आह्वान किया। कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाने, बूथ और सेक्टर स्तर पर संगठन को मजबूत करने और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में यह संकल्प दोहराया गया कि चित्रकूट की धरती से उठी यह संगठनात्मक लहर अब पूरे प्रदेश में पार्टी की विजय पताका फहराएगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी केशव पटेल, महेंद्र सिंह, फौजी रामसिया पटेल, दिलीप पटेल, जब्बर सिंह पटेल, राजभवन सिंह, विनोद पटेल, प्रभुदयाल पटेल, पूजा मौर्या, शशिकांत सिंह, कृष्णकांत सिंह, विष्णु मौर्य, विष्णु प्रताप सिंह और संजय खंगार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अपना दल की मासिक बैठक में मौजूद कार्यकर्तागण

## आकांक्षी ब्लॉक में गठित हुई बाल संरक्षण समिति, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित

**रामनगर/चित्रकूट।** सीडीओ चित्रकूट के निर्देश में आकांक्षी ब्लॉक में मिशन वात्सल्य के तहत हर ग्राम पंचायत में बाल संरक्षण समिति और बाल मैत्री पंचायत का गठन किया गया है। नीति आयोग की जिला समन्वयक पूजा यादव ने बताया कि यह समितियाँ बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बाल अपराध, बालिकाओं के साथ छेड़छाड़, बालश्रम और बाल विवाह जैसी ज्वलंत समस्याओं पर अंकुश लगाने का काम करेंगी। ग्राम स्तर की इन समितियों को मिलाकर ब्लॉक स्तर पर ग्यारहवीं समिति का गठन किया गया है, जिसमें ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, शिक्षक, आंगनवाड़ी, एनएम, आशा, दो सम्मानित नागरिक और दो बच्चे पदेन सदस्य होंगे। समिति की हर माह समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी बृज बिहारी, पंचायत सहायक ज्ञानेंद्र पाण्डेय, प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश सिंह, समेत एक दर्जन छात्र-छात्राओं सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### चित्रकूट में सर्वोदय से अभ्युदय- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एसडीजी 6 और 8 पर जोर




**चित्रकूट।** जिले में 6-7 अक्टूबर को आयोजित पाँचवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ने सतत विकास लक्ष्य एसडीजी 6 और 8 पर जोर देते हुए वैश्विक ध्यान खींचा। सर्वोदय से अभ्युदय के मूल विषय के तहत सम्मेलन में ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के उपायों पर गहन चर्चा हुई। मध्यप्रदेश की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने भी इस आयोजन में भाग लिया और नानाजी देशमुख के ग्रामीण सशक्तिकरण मंत्र हर हाथ को देंगे कामय हर खेत को देंगे पानी को मुख्य सार बताया। सम्मेलन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और नानाजी देशमुख के ग्रामीण सशक्तिकरण दृष्टिकोण को आधुनिक सतत विकास लक्ष्यों से जोड़ा। जल सुरक्षा, स्वच्छता और रोजगार सृजन पर विचार-विमर्श के साथ इस आयोजन ने चित्रकूट को विश्व स्तर पर सतत विकास की दिशा में एक प्रेरक मंच के रूप में स्थापित किया।

### सेवा भारती ने वाल्मीकि जयंती पर रचा समरसता का इतिहास- बाल्मीकि समाज संग बैठकर किया भोज

**चित्रकूट।** सेवा और समरसता का संगम उस समय देखने को मिला जब सेवा भारती चित्रकूट इकाई ने विकास खंड पहाड़ी के ग्राम अरछा बरेठी में महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधान सीमा देवी सहित विशिष्ट अतिथियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सेवा भारती ने गांव में भव्य समरसता भोज आयोजित कर वाल्मीकि समाज के सैकड़ों परिवारों के साथ एकता का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि जिला स्वच्छता समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि समाज तभी प्रगतिशील होगा जब हम महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने सेवा भारती के जिला महामंत्री के सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत उदाहरण है। समरसता भोज में शामिल बाल्मीकि समाज के लोगों की आंखें भर आईं। भावुक होकर बजरंगा और दीपक ने कहा-आज तक कोई हमारे साथ बैठकर भोजन नहीं करता था, यह दिन हमारे लिए त्यौहार बन गया। कार्यक्रम का संयोजन शंकर यादव ने किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिया चेतावनी- सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी अब जरूरी

**चित्रकूट।** सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न मानवाधिकार एवं समावेशी विकास की समीक्षा बैठक ने जिले में सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर नया प्रकाश डाला। बैठक में समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला दिव्यांग अधिकारी, पुलिस और शिक्षा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई बच्चा, वृद्ध, अनुसूचित जातिध्जनजाति या दिव्यांग लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रह जाए। आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, ट्रांसजेंडर कल्याण योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों की बिजली-पानी सुविधा और बच्चों के क्रेशर में शामिल होने की स्थिति की पूरी जांच करने का आदेश दिया गया।

# जिला अस्पताल में खिला नवजीवन, मन्नू कोरी बोले- अब बेटियां ही बदलेंगी भारत की तस्वीर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत सोमवार को जिला अस्पताल सोनेपुर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन उस पल का गवाह बना जब बेटियों के जन्म को उत्सव और गर्व का प्रतीक बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (श्रम एवं सेवायोजन विभाग) मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री मन्नू कोरी ने इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से हालचाल पूछने और फल वितरण से की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में स्वच्छता और व्यवस्था सर्वोपरि होनी चाहिए, कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। तत्पश्चात 18 नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें आरती, आकांक्षा, कुंती, सीमा, शोभा, अनीता जैसी माताओं ने बच्चियों के साथ केक काटा। मंत्री ने कन्याओं को उपहार और प्रमाणपत्र प्रदान किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के लिए जन्म से लेकर शिक्षा तक अनेक योजनाएं संचालित हैं। आज की नारी अबला नहीं, सशक्त और समर्थ है, जो देश की प्रगति में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने सभी से अपील की- बेटियों को पढ़ाइए, यही असली राष्ट्र निर्माण है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, सीएमएस डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. तनवीर, डॉ. ऋषि कुमार, डॉ. आरबी लाल, महिला कल्याण विभाग, वन स्टॉप सेंटर एवं हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम भी उपस्थित रही।



जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव में मौजूद अधिकारीगण

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर लालापुर में उमड़ा श्रद्धा का सागर, गूंजा जय वाल्मीकि का जयघोष

**चित्रकूट।** आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर लालपुर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक गरिमा से जगमगा उठा। जिला प्रशासन और पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को आस्था की ऊर्जा से भर दिया। सुबह से ही श्रद्धालु आश्रम पहुंचने लगे और पूरे परिसर में वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, हवन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की दिव्य गूंज फैल गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल एवं प्रभारी मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथियों में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री एवं विधायक चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, अभय महाजन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल और भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र कोटार्य शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत भरत दास महाराज ने की, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। इस अवसर पर उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद निगम, एसडीएम मोहम्मद जसीम व राकेश पाठक, तथा वन विभाग के अधिकारी रविरंजन (एसडीओ) व अपूर्व (आरएफओ) सहित अनेक अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे। पूरा आयोजन भक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक समरसता का अद्भुत उदाहरण बना। चित्रकूट धाम के नागरिकों में वाल्मीकि जयंती को लेकर गहरा उत्साह और गर्व देखने को मिला। कार्यक्रम की सफलता पर उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत और संपूर्ण आयोजन टीम को धन्यवाद दिया गया।



महर्षि वाल्मीकि जयंती में मौजूद अधिकारीगण

# IDF कमांड सेंटर, टैंक उड़ाया, हमास का इजरायल पर बड़ा पलटवार

**इजरायल**

**इजरायल** और हमास के बीच युद्ध विराम को लेकर वार्ता चल रही है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही जंग पर ब्रेक लग जाएगा। लेकिन इन अटकलों के बीच गाजा में एक बार फिर गोलियों और बमों की आवाज गूंज उठी है। अल कसाम ब्रिगेड ने दावा किया है कि उन्होंने एक इजरायली मर्कवा टैंक को विस्फोटक से उड़ा दिया है। ये बड़ा हमला गाजा सिटी के पास किया गया है, जहां इजरायली टुकड़ियां तैनात थी। इस हमले के बीच अल कस्साम ब्रिगेड का एक बयान भी सामने आया है। जिसमें कहा गया है कि हमारे लड़ाके दुश्मन के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। गाजा की जमीन पर कोई भी कब्जा मंजूर नहीं है। इसी बीच सराय अल कुद्दस ने भी एक बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने आईडीएफ के कमांड सेंटर पर रॉकेट से हमला किया है। इजरायली सेना का दावा है कि उन्होंने अधिकतर रॉकेट को इंटरसेप्ट कर लिया। लेकिन कुछ रॉकेट गाजा सीमा के पास गिरे हैं।

शर्म अल-शेख में युद्धविराम वार्ता शुरू होते ही गाजा में उग्रवादी समूहों ने इजराइली सैन्य ठिकानों पर नए हमले शुरू कर दिए। अल-कस्साम ब्रिगेड ने दावा किया कि



उन्होंने गाजा शहर के पास शुआथ विस्फोटक से एक मर्कवा टैंक पर हमला किया, जबकि सराय अल-कुद्स ने कहा कि उन्होंने एक आईडीएफ कमांड सेंटर पर बमबारी की। ये हमले राष्ट्रपति ट्रंप की उस चेतावनी के बावजूद हुए जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर हमास ने उनकी 20-सूत्री युद्धविराम योजना का विरोध किया तो "पूरी तरह से तबाह" कर दिया जाएगा।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया है कि जब तक सभी बंधक वापस नहीं आ जाते, इजरायल गाजा समझौते के बाकी हिस्सों पर कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यरूशलम में एक बैठक में ये बातें कहीं। गाजा में शहीद सैनिक परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले दक्षिणपंथी ग्वुरा फोरम के सदस्यों से बातचीत में नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा युद्धविराम योजना का कोई भी अन्य पहलू तब तक आगे नहीं बढ़ेगा जब तक कि सभी बंधकों की रिहाई नहीं हो जाती। उधर, इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा शहर में स्थित जॉर्डन अस्पताल से सटी एक सुरंग का पता लगाया है। यह 1.5 किलोमीटर लंबा है। इस्राइल का दावा है कि इस सुरंग का इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए भूमिगत कार्यशाला तक जाने के लिए किया जाता था। इजरायल का दावा है कि हमास अस्पताल परिसरों में मानवीय सुविधाओं का सैन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करता है।

## पाकिस्तान में फिर जाफर एक्सप्रेस पर हमला, ब्लास्ट में कई घायल, इस विद्रोही समूह ने ली जिम्मेदारी

**बलूचिस्तान**

**सिंध**-बलूचिस्तान सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ, जब पटरियों पर एक विस्फोटक उपकरण लगा दिया गया। विस्फोट के बाद क्वेटा जा रही ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरूआती बचाव कार्यों की रिपोर्टों में कई लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है, हालाँकि नुकसान और हताहतों की पूरी संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। बचाव दल और सुरक्षा बल राहत कार्य कर रहे हैं, चिकित्सा दल घायलों का इलाज कर रहे हैं और अधिकारी हमले के कारणों की जाँच कर रहे हैं। हाल के महीनों में जाफर एक्सप्रेस को कई बार निशाना बनाया गया है, जिससे इस क्षेत्र में लगातार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगस्त 2025 में, बलूचिस्तान के मस्तुंग ज़िले में एक आईईडी विस्फोट में इसी ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इस घटना में कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं और सेवाएँ अस्थायी रूप से रुक गईं।

इससे पहले, मार्च 2025 में, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के उग्रवादियों ने बोलन दर्रे में जाफर एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था और 400 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले के दौरान, रेल पटरी को क्षतिग्रस्त करने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया, गोलीबारी हुई और स्थिति पर काबू पाने से पहले बंधकों और सुरक्षा बलों, दोनों को नुकसान हुआ। बलूचिस्तान एक अस्थिर प्रांत बना हुआ है, जहाँ अलगाववादी समूह बुनियादी ढाँचे, सुरक्षा बलों और परिवहन संपर्कों पर हमले करते रहते हैं।

## भारत ने खोजी ट्रंप के 100% टैरिफ की काट

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने ऐलान किया कि भारत समेत कई देशों से आने वाली दवाओं पर 100 % टैरिफ लगाया जाएगा। मतलब कि अगर कोई दवा अमेरिका जाएगी तो उसकी कीमत दोगुनी हो जाएगी। ट्रंप ने इसे मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने की चाल बताई। लेकिन असल में ये फैसला भारत की बढ़ती फॉर्मा ताकत पर एक आर्थिक हमला था। लेकिन भारत ने इस वॉर को आर्थिक युद्ध नहीं बल्कि रणनीति के खेल में बदल दिया और आपदा को अवसर में तब्दील कर दिया। भारत सरकार और फॉर्मा इंडस्ट्री ने तुरंत चार दिशा में काम शुरू किया।

नए बाजार में पहुंच बनाने से लेकर देश की उत्पादन को बढ़ावा देने तक। सप्लाई चेन को मजबूत करने से लेकर ग्लोबल पार्टनर को मजबूत करने तक। भारत ने अपने सप्लाई लाइन को घुमा दिया। जो जहाज पहले अमेरिका जाते थे। वही जहाज अब यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और रूस की ओर निकल पड़े हैं। सन फॉर्मा, डॉक्टर रेडीज, सिप्ला और लुपिन जैसी भारतीय कंपनियां अब सीधे अफ्रीका, रूस और साउथ अमेरिका में दवाओं की सप्लाई करने उतर चुके हैं। यानी अमेरिका की बंद दीवार के सामने भारत ने नए दरवाजे खोल दिए हैं।




अमेरिका ने जब भारत पर टैरिफ लगाया, चाल चली तो बाकी दुनिया ने भारत को गले लगा लिया। सबसे पहले भारत के यार रूस, फिर यूरोप और अब अफ्रीका ने भारत के साथ नई डील साइन कर ली। फ्रांस, जर्मनी, ब्राजील, मिस्र और इंडोनेशिया ने तो यहां तक कह दिया कि अगर दवा चाहिए तो रास्ता नई दिल्ली से होकर जाएगा। भारत की दवा कंपनियों ने अपनी क्षमता बढ़ा ली।

डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज एलएलसी, रूस (डीआरएल रूस) में ?565 करोड़ का निवेश किया और 45.19 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल की।

यह लेन-देन हैदराबाद स्थित कंपनी के बोर्ड द्वारा नवंबर 2024 में रूसी शाखा में ?600 करोड़ तक निवेश करने के निर्णय का परिणाम है। बीएसई को सूचित किया गया कि यह निवेश 25 जुलाई, 2025 को नकद भुगतान पर पूरा हुआ। कंपनी द्वारा डीआरएल रूस में निवेशित धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए किया जाएगा।

## रूस ने दुनिया के सामने निकाला 3000 KM तहलका मचाने वाला फाइटर जेट



**रूस**

**रूस** के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (वअउ) द्वारा हाल ही में जारी की गई तस्वीर में उसके निमार्णाधीन सुखोई र४-75 चेकमेट पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर ने वैश्विक रक्षा हलकों में उत्साह पैदा कर दिया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उपस्थिति में टअङर 2021 में पहली बार प्रदर्शित किए गए इस विमान ने अभी तक अपनी पहली उड़ान नहीं भरी है। हालाँकि, नई छवि, बताती है कि र४-75 का फील्ड परीक्षण जल्द ही शुरू हो सकता है। 3 अक्टूबर, 2025 को वअउ द्वारा अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट की गई तस्वीर ने विमान की तत्परता के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है। एक तकनीशियन र४-75 के पास एक नारंगी व्हील चॉक पकड़े हुए दिखाई दे रहा है।

विकास में देरी, लेकिन प्रगति जारी यूएसी पोस्ट ने विमान के वर्तमान परीक्षण चरण की पुष्टि नहीं की, लेकिन संकेत दिए कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के दबाव के बावजूद रूस का रक्षा उद्योग आगे बढ़ रहा है। र४-75 अपनी पहली उड़ान की कई समय-सीमाओं से चूक गया है, शुरूआत में 2022 के लिए वादा किया गया था, बाद में इसे 2023 और 2024 में बदल दिया गया। अब डेवलपर्स को उम्मीद है कि यह जेट 2025 के अंत से पहले उड़ान भर लेगा।

Su-75 के अनूठे टेल डिजाइन पर ध्यान केंद्रित

अपने साथ वाले पोस्ट में, यूएसी ने विमानन में टेल डिजाइन के महत्व का वर्णन किया। बयान में कहा गया है, "यह उड़ान के दौरान विमान की स्थिरता, नियंत्रणीयता और संतुलन के लिए ज़िम्मेदार है। विमानन के 120 साल के इतिहास में, सर्वोत्तम डिजाइन की तलाश में कई डिजाइन प्रस्तावित किए गए हैं। यह पता चला है कि प्रत्येक विमान प्रकार का अपना आदर्श होता है। स्टील्थ विमानों के चलन पर प्रकाश डालते हुए, यूएसी ने कहा, "वी-फिन आधुनिक पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू विमानों में एक आम विशेषता है। जाहिर है, यह डिजाइन अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में भी जारी रहेगा।

## मुनीर ने ट्रंप को ये डिब्बा पकड़ाया, उधर बलूचों ने पाकिस्तान को बम धमाकों से दहलाया

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** ने पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ पहला बड़ा हमला कर दिया है। ये हमला तब किया गया है जब पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को रेयर अर्थ मेटल्स की पहली छोटी खेप भेज दी है। ये खेप बलूचिस्तान से लूटी गई है। आपको बता दें कि कुछ समय पहले ही अमेरिका की एक कंपनी ने पाकिस्तान के साथ 50 करोड़ डॉलर का एक सौदा किया था। जिसके तहत बलूचिस्तान के रेयर अर्थ मेटल्स अमेरिका खरीदेगा। इसी समझौते के तहत पाकिस्तान ने पहली खेप अमेरिका पहुंचा दी। लेकिन बलूच लिबरेशन आर्मी ने अपना विरोध जताते हुए ऐसा हमला किया है जो पाकिस्तान और अमेरिका के लिए जबरदस्त वार्निंग है।

दरअसल, बलोच लिबरेशन आर्मी ने एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को उड़ा दिया है। लेकिन इस बार हमले का तरीका बेहद शानदार था। जाफर एक्सप्रेस खैबर पख्तूनखुआ से निकलकर बलूचिस्तान के कोएटा आ रही थी। लेकिन इस ट्रेन को तब उड़ाया गया जब यह सिंध प्रांत के सुल्तानकोट पहुंची। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले में पाकिस्तान के वो तीन प्रांत जुड़ गए हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ



आजादी की बगावत छेड़ रखी है। यानी सिंध प्रांत, खैबर पतुनख्वा और बलूचिस्तान। यह सीधे-सीधे पाकिस्तान को चेतावनी है कि अगर अमेरिका बलूचिस्तान में आया तो पलटवार तीन दिशाओं से होगा। पाकिस्तान के खिलाफ पहले से ही बलूचों, पश्तूनो और सिंधियों ने हाथ मिला लिया है और अब पलटवार का ट्रेलर दिखा दिया गया है।

आपको बता दें कि बलूचों ने यह भी ऐलान किया है कि पाकिस्तान बलूचिस्तान के जिस पसनी पोर्ट को डेवलप करने के लिए अमेरिका को ऑफर देकर आया है। अगर उस ऑफर को रोका नहीं गया तो पसनी पोर्ट का हाल गवादर से भी बुरा होगा। बलूचों ने कहा है कि जब चीन ग्वादर नहीं बना पाया तो अमेरिका पसनी पोर्ट में कैसे सफल हो पाएगा। जानकारी के लिए बता दें कि असीसीम मुनीर ने बलूचिस्तान का गवादर चीन को देने के बाद बलूचिस्तान का दूसरा पोर्ट यानी पसनी पोर्ट अमेरिका को देने का ऑफर किया है। पसनी पोर्ट भारत के नजदीक है।

क्वेटा और पेशावर के बीच चलने वाली जाफर एक्सप्रेस को हाल के महीनों में कई बार निशाना बनाया गया है, जिसमें मार्च में हुआ हमला सबसे भीषण था। इस साल सितंबर में बलूचिस्तान के मस्तुंग के दश्त इलाके में रेलवे पटरी पर हुए एक विस्फोट में जाफर एक्सप्रेस का एक डिब्बा क्षतिग्रस्त हो गया और छह अन्य डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें 12 यात्री घायल हो गए थे। गत 11 मार्च को जाफर एक्सप्रेस को बंधक बना लिया गया था। इस घटना में 26 लोग मारे गए, जिनमें सुरक्षाकर्मी भी शामिल थे। सुरक्षा बलों ने एक लक्षित अभियान में ट्रेन पर हमला करने वाले 33 आतंकवादियों को मार गिराया और 354 बंधकों को मुक्त कराया। माना जाता है कि जातीय बलूच

## पड़ोसी अच्छे हो या नहीं पाकिस्तान की धज्जियां उड़ाने वाला जयशंकर का बयान

**अमेरिका**

**जो** राष्ट्र अपने हितों को भूल जाता है वो इतिहास के पन्नों में केवल कहानी बनकर रह जाता है। यही वजह है कि आज भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर दुनिया को बार बार याद दिला रहे हैं कि भारत अब किसी के दबाव में नहीं चलेगा। भारत अब अपने राष्ट्र हितों से ही चलेगा। दरअसल, एक कार्यक्रम में जयशंकर ने एक बयान दिया जिसने एक बार फिर साफ कर दिया कि भारत की विदेश नीति अब नेहरू युग की तरह भावनाओं पर नहीं बल्कि ठोस राष्ट्र हितों पर केंद्रित है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए नापाक पड़ोसी पाकिस्तान को खुब लतारा। उन्होंने कहा कि भारत के कई पड़ोसी हैं, लेकिन सभी एक जैसे नहीं हैं। कुछ अच्छे हैं और कुछ कम अच्छे।

एस जयशंकर ने कहा कि हाइफनेशन अक्सर उस पड़ोसी के साथ होता है जो उतना अच्छा नहीं है। हमें समझना चाहिए कि जब हम डिहाइफनेशन कहते हैं तो उसका मतलब है कि हम चाहते हैं कि तीसरे देश जब भारत के बारे में निर्णय लें, तो वो उस संबंध को मुख्य आधार न बनाएं। तो, एक मुश्किल पड़ोसी को मैं नजरअंदाज नहीं कर सकता।

## बदल रहा शक्ति संतुलन, इशारों-इशारों में जयशंकर का अमेरिका

**अमेरिका**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की व्यापार नीतियों के कारण उत्पन्न आर्थिक व्यवधानों की पृष्ठभूमि में कहा कि वैश्विक व्यापार टैरिफ अस्थिरता से उलट गया है और अंतरराष्ट्रीय नियमों और व्यवस्थाओं पर पुनर्विचार किया जा रहा है या उन्हें त्याग दिया जा रहा है। भू-राजनीतिक परिदृश्य पर व्यापक परिवर्तनों के रणनीतिक परिणाम, जिनमें वैश्विक विनिर्माण का एक तिहाई हिस्सा चीन में स्थानांतरित होना और प्रौद्योगिकी हेरफेर के कारण संप्रभुता में कमी शामिल है, अपने संस्थान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन स्कूल में अरावली शिखर सम्मेलन में जयशंकर के भाषण का केंद्र बिंदु थे।

उन्होंने कहा कि अब वैश्विक परिदृश्य पर




विचार करें और परिवर्तन की तीव्रता और उसके प्रभावों पर विचार करें। वैश्विक विनिर्माण का एक तिहाई हिस्सा एक ही भूगोल में स्थानांतरित हो गया है, जिसके परिणाम आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ रहे हैं। उन्होंने अमेरिका की व्यापार नीतियों का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि कई समाजों में वैश्वीकरण विरोधी भावनाएँ बढ़ रही हैं। टैरिफ में उतार-चढ़ाव के कारण व्यापार गणनाएँ उलट रही हैं। वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में व्यापक बदलाव आया है, अमेरिका जीवाश्म ईंधन का एक प्रमुख निर्यातक और चीन नवीकरणीय ऊर्जा का एक प्रमुख निर्यातक बन गया है। डेटा के उपयोग और कृत्रिम मेधा के विकास पर कई प्रतिस्पर्धी मॉडल हैं, जो एक-दूसरे से टकरा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने आप में महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन गए हैं। कनेक्टिविटी के नए रास्ते उभर रहे हैं, जिनमें से कुछ रणनीतिक उद्देश्यों के साथ हैं। विदेश मंत्री ने प्रतिबंधों के इस्तेमाल, संपत्तियों की जब्ती और क्रिप्टो के आगमन को पूरी दुनिया के वित्त परिदृश्य को बदलने वाले तत्वों के रूप में सूचीबद्ध किया। उन्होंने कहा कि दुर्लभ मृदा और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है, जबकि प्रौद्योगिकी नियंत्रण और भी कड़े हो गए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## भारत में स्वागत करने को इच्छुक, पीएम मोदी ने पुतिन को कुछ इस अंदाज में दी 73वें जन्मदिन की

**रूस**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की और उन्हें उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और भविष्य में उनके सभी प्रयासों में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को हार्दिक बधाई दी और अपने व्यक्तिगत संबंधों और दीर्घकालिक मित्रता की पुष्टि की, जो भारत और रूस के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों का आधार बनी हुई है।

दोनों नेताओं ने इस अवसर पर भारत-रूस "विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" के अंतर्गत सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, अंतरिक्ष सहयोग और लोगों के बीच संबंधों से जुड़ी चल रही पहलों के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों की दृढ़ता के प्रति पारस्परिक प्रशंसा भी परिलक्षित हुई, जो बदलती वैश्विक गतिशीलता के बावजूद स्थिर बनी हुई है। बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के अपने साझा दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने परमाणु ऊर्जा और रक्षा औद्योगिक साझेदारी सहित रणनीतिक परियोजनाओं में निरंतर गति पर संतोष व्यक्त किया और ऊर्जा, उर्वरक और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार विविधीकरण के महत्व को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि वे 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। इस वर्ष के अंत में होने वाली यह आमने-सामने की मुलाकात, दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी शिखर सम्मेलन सहयोग के अगले चरण के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने और भारत-रूस संबंधों को



परिभाषित करने वाले विश्वास और मित्रता के मजबूत बंधन की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करेगा।